दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
6 अभिव्यक्ति – अध्यात्म और संस्कृति का संगम...
8 राजधानी – ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती...
9 राजधानी – ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती...
11 मनोरंजन – कहां जा रहे हैं दीपिका...

www.navpradesh.com
बिलासपुर, शनिवार 8 फरवरी, 2020, माघ शुक्ल पक्ष-चतुर्दशी, विक्रम संवत-2075 वर्ष-05 अंक-298 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

नई दिल्ली के शाहीन बाग ने जो मकबूलियत हासिल की है। उसे देखते हुए शाहीन बाग को लेकर जल्द ही हमारे फिल्मकार हिन्दी फिल्मों की कतार लगा दें तो कोई ताज्जुब नहीं होगा। हो सकता है बहुत जल्द ये फिल्में देखने को मिले- शाहीन बाग की सैर... शाहीन बाग का सच... शाहीन बाग-टू करोल बाग... आदि। हो सकता है कि गुजरे जमाने के बाईस्कोप का भी दौर वापस लौट आए और उसमें यह दिखाया जाए कि-देखो, देखो, देखो शाहीन बाग की बहार देखो...। शाहीन बाग पर बनने वाली फिल्मों में यह एक समूह गान शर्तिया होगा- हम ले के रहेंगे आजादी...।

खास खबर

भारत का रक्षा निर्यात 2024 तक पहुंचेगा पांच अरब डालर

लखनऊ (वार्ता)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि रक्षा क्षेत्र में सरकार की नीतियों का असर अब दिखने लगा है जिससे लगता है कि भारत वर्ष 2024 तक रक्षा निर्यात को पांच अरब डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य को हासिल कर लेगा। डिफेंस एक्सपो में आयोजित 'बंधन' कार्यक्रम में श्री सिंह ने कहा आज किये गये एमओयू हमारे रक्षा औद्योगिक आधार को और मजबूत करने में उपयोगी सिद्ध होंगे।

खुद सेट करें नैरेटिव, उसी के अनरूप चले मीडिया : सीएम भूपेश

दैनिक नव प्रदेश की वर्षगांठ पर बोले मुख्यमंत्री-महिला सशक्तिकरण पर हो रहा काम गोठान चला रही महिलाएं

नवप्रदेश संवाददाता

रायुपर। *दैनिक नव प्रदेश की आठवीं वर्षगांठ पर शुक्रवार 7 फरवरी को आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि आज जनता व मीडिया के सामने यह चुनौती है कि नैरेटिव (किसी चीज या घटनाक्रम की परिभाषा) किसी और के द्वारा सेट किया जा रहा है। देश के वर्तमान हालातों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि परिस्थिति ठीक वैसे ही है जैसे कभी गणेश शंकर विद्यार्थी के समय हुआ करती थी।*

जनता को हालातों को समझना होगा। किसी और को नैरेटिव सेट करने देने की बजाय इसे खुद तय करना होगा और उसी के अनुसार प्रिंट व इेलक्ट्रॉनिक मीडिया चलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज लोगों को जरूरत है कि वे अपनी भूमिका खुद तय करें। मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में नव प्रदेश को आठ साल पूरे होने पर प्रदान संपादक यशवंत धोटे के साथ ही नव प्रदेश परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साथ ही पत्रकारिता में अखबार द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना भी की। करीब तीन घंटे तक चले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की उपस्थिति बनी रही।

होटल बेबीलान इंटरनेशनल में आयोजित वर्षगांठ समारोह की शुरुआत सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई।

इसके बाद नव प्रदेश परिवार के सदस्यों व संपादकीय सहयोगियों के द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोदन नव प्रदेश के प्रधान संपादक यशवंत धोटे ने दिया। मंच पर समारोह के अध्यक्ष के तौर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत तथा प्रमुख वक्ता के तौर पर संडे नवजीवन, नेशनल हेराल्ड, कौमी आवाज, नई दिल्ली की ग्रुप सीनियर एडिटोरियल एडवायजर श्रीमति मृणाल पांडे मौजूद थीं। वहीं विधायक सत्यनारायण शर्मा, महापौर एजाज ढेबर भी उपस्थित रहे। अंत में नव प्रदेश के डायरेक्टर चंद्रशेखर धोटे ने आभार व्यक्त किया।

ग्रमीण अर्थव्यस्था पर मुख्यमंत्री ने की ये मन की बात

मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में कार्यक्रम की प्रमुख वक्ता मृणाल पांडे की बातों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि नरवा गरुवा घुरवा बारी योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर छत्तीसगढ़ को मजबूत करने की दिशा में जो काम किए जा रहे हैं उनके केंद्र में महिलाएं भी हैं। कई गोठान प्रदेश की महिलाओं द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं द्वारा चलाए जा रहे इन गोठानों में गोबर से दीए, गमले, राखियां समेत कई चीजें बनाई जा रही हैं।

किसानों के साथ ही मजदूर, व्यापारियों का भी हित पूरा

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने वादे के अनुरूप पहले तो किसानों का कर्जमाफ किया, फिर धान को 2500 रुपए प्रति क्विंटल का दाम दिया। इसके बाद मजूदर वर्ग की बारी आई तो उनके लिए बिजली का बिल आधा कर दिया। साथ ही 35 किलो चावल देने लगे। इसके बाद व्यापारी कहने लगे हमें क्या दिया तो मैंने उनसे कहा कि आपके लिए मैंने उनकी जेब में पैसा डाल दिया है जो आप ही पास आते हैं। यहीं वजह है कि आज देश में बने मदी के माहौल के बावजूद भी छत्तीसगढ़ में कहीं कोई मंदी नहीं है। आंकड़े इसकी गवाही दे रहे हैं।

धनबल, बाहुबल के बगैर राजधानी में 8वां साल कम बड़ी बात नहीं : डॉ. महंत

कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि लग ही नहीं रहा कि नव प्रदेश के आठ साल पूरे हो गए। धनबल भी नहीं था बाहुबाल भी नहीं। उसके बावजूद राजधानी में आठवां साल...कम बड़ी बात नहीं है। उन्होंने नव प्रदेश को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह तीन राज्यों छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, झारखंड की तरह ही अन्य सभी राज्यों से भी प्रकाशित हो। नव प्रदेश के उद्भव काल से आज तक के सफर की ओर इशारा करते हुए डॉ. महंत ने कहा कि मैंने देखा है कि कैसे एक साप्ताहिक दैनिक बनता है और फिर पूरे प्रदेश में अपनी पैठ बना लेता है। उन्होंने मार्गदर्शन करते हुए यह भी कहा कि पत्रकारिता जगत के लिए प्रासंगिक गुरुमंत्र- 'शब्द संभाले बोलिए, शब्द के हाथ न पांव। एक शब्द करे औषधि, एक शब्द करे घाव।' को सदैव याद रखना होगा।

छत्तीसगढ़ ने सही नब्ज पर रखा है हाथ : पांडे

■ **गांधी जी की सुराजी सोच पर आगे बढ़ रही छत्तीसगढ़ सरकार**

प्रमुख वक्ता के तौर पर अपने उद्बोधन में मशहूर पत्रकार मृणाल पांडेय ने 'ग्रामीण अर्थव्यवस्था से मजबूत होता छत्तीसगढ़' पर अपने विचार रखे। उन्होंने इस दिशा में प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कहा कि गांव की सुध लिए बिना न तो पत्रकारिता चल सकती है न ही राजनीति। मुझे ये जानकर हर्ष है कि नरवा, गरुवा, घुरवा बारी के सहारे छत्तीसगढ़ ने सही नब्ज पर हाथ रखा है। **शेष पृष्ठ 8 पर**

हमारी सनातन प्राथमिकताएं गांव, ग्रामीण व खेती-बाड़ी ही

पांडे ने कहा कि हमारी प्राथमिकता सनातन प्राथमिकताएं गांव, ग्रामीण, खेती-बाड़ी ही होनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'मैं यह बात किसी वामपंथी सोच के कारण नहीं कह रही हूं, बल्कि विशुद्ध अनुभव दग्ध के रूप में कह रही हूं। वामपंथी व बुद्धिजीवि शब्द आज गाली बना दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने भी विदेश से लौटकर जन-जन तक पहुंचने के लिए पत्रकारिता को हथियार बनाया था। इसके केंद्र में गांव, ग्रामीण व सुराजी सोच ही रही थी। हिंदी पत्रकारिता का भी सुराजी सोच के साथ गहरा रिश्ता है।

'मोदी को डंडे मारेंगे' वाले बयान का जिक्र करते ही हर्षवर्धन की तरफ दौड़ पड़े कांग्रेसी सांसद

■ **हर्षवर्धन के वक्तव्य पर कांग्रेसी सांसद आग-बबूला हो उठे और उन्हें घेर लिया**

■ **राहुल ने रैली में कहा था कि छह महीने बाद मोदी को देश के युवा डंडे मारेंगे**

नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के दिल्ली की चुनावी रैली में पीएम नरेंद्र मोदी पर 'डंडा अटैक' पर संसद में शुक्रवार को भी संग्राम जारी रहा। गुरुवार को खुद पीएम मोदी ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पर इस बयान को लेकर तंज कसा था, तो शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन ने एक सवाल का जवाब देने के दौरान राहुल की अलोचना कर दी। हर्षवर्धन के इस बयान से कांग्रेस के सांसद **शेष पृष्ठ 8 पर**

...और हर्षवर्धन की तरफदौड़ पड़े कांग्रेस सांसद

संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने संसद परिसर में मीडियाकर्मियों से कहा कि सदन में कांग्रेसी सांसदों का रवैया गुंडागर्दी का था। जोशी ने कहा, 'राहुल गांधी के उकसाने पर वे डंडे का रास्ता अपना रहे थे। यह डॉक्टर हर्षवर्धन के साथ दुर्व्यवहार करने की कोशिश थी। यह कांग्रेस की निराशा और गुंडागर्दी को दिखाता है।' वहीं, बीजेपी सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि कांग्रेस सांसद का रवैया लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा, 'केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन राहुल गांधी का बयान पढ़ रहे थे, उसी समय कांग्रेस सांसद मनिकम टैगोर उनकी तरफबढ़े। यह देश के लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण दिन है।'

निर्भया केस : जब तक विकल्प है बकाया तब तक फांसी नहीं : कोर्ट

नई दिल्ली। देश को झकझोर कर रख देनेवाले निर्भया मामले के चारों दोषियों को फांसी आखिर कब होगी, यह शुक्रवार को भी साफ नहीं हुआ। दिल्ली स्थित पटियाला हाउस कोर्ट ने फांसी की नई तारीख देने से फिलहाल इनकार कर दिया। कोर्ट ने साफ कहा कि जबतक कानूनी उपचार बाकी हैं, तबतक किसी को फांसी पर चढ़ाना पाप है। कोर्ट ने दोषियों को मिले 7 दिनों का भी जिक्र किया। आपको बता दें कि कोर्ट तिहाड़ जेल प्रशासन की याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें दोषियों के खिलाफ मौत का नया वॉरंट जारी करने की मांग की गई थी। इस पर जारी नोटिस पर दोषियों को आज अदालत के सामने अपना रुख रखना था। अदालत ने कहा, 'जब दोषियों को कानून जीवित रहने की इजाजत देता है, तब उन्हें फांसी पर चढ़ाना पाप है। हाई **शेष पृष्ठ 8 पर**

नया डेथ वॉरंट जारी ना होने पर भड़कीं निर्भया की मां

नया डेथ वॉरंट जारी ना होने पर भड़कीं निर्भया की मांनिर्भया केस में शुक्रवार को पटियाला हाउस कोर्ट ने नया डेथ वॉरंट जारी करने से इनकार कर दिया। फैसले से निराश निर्भया की मां ने कोर्ट को ही कठघरे में खड़ा कर दिया।

पीएम मोदी ने उग्रवादियों से की मुख्यधारा में आने की अपील

गुवाहाटी, (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यहां कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों में बोडो समझौता शांति और विकास की नयी इबादत लिखेगा और उन्होंने इसके साथ ही देश के सभी उग्रवादी और नक्सली समूहों से हिंसा का मार्ग छोड़ देश की मुख्यधारा में आने की अपील की। सरकार और बोडो संगठनों के बीच हुए तीसरे समझौते को लेकर जश्न मनाने उमड़े भारी जनसैलाब को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा, मैं बंदूक की शक्ति में विश्वास करने वाले उन सभी लोगों से बोडो युवाओं से सीखने की अपील करता हूं कि वे हिंसा का मार्ग के छोड़कर देश की मुख्यधारा में आयें और जीवन का आनंद उठायें। श्री मोदी ने कहा, आज असम सहित पूरे पूर्वोत्तर के लिए 21 वीं सदी में एक नयी शुरुआत, एक नयी सुबह, एक नयी प्रेरणा का स्वागत करने का दिन है। श्री मोदी ने कहा, बोडो समझौते के तहत, बीटीएडी के भीतर आने वाले क्षेत्र की सीमा को ठीक करने के लिए एक आयोग का भी **शेष पृष्ठ 8 पर**

पाक की ये कैसी 'दुश्मनी', कोरोना के बीच चीन में फंसे अपनों को भारत की मदद लेने से रोका!

नई दिल्ली (वार्ता) विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आज कहा कि भारत ने कोरोना वायरस से प्रभावित चीन के वुहान प्रांत से भारतीयों के साथ साथ सभी पड़ोसी देशों के लोगों को लाने की पेशकश की थी लेकिन केवल मालदीव ने ही अपने 7 छात्रों को लाने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा कि वुहान में अभी भी 80 भारतीय छात्र हैं जिनमें से 70 ने उस समय अपनी मर्जी से आने से मना कर दिया था जबकि 10 छात्रों को बुखार होने के कारण चीनी अधिकारियों ने आने की अनुमति **शेष पृष्ठ 8 पर**

चीन में अब भी फंसे हैं 80 भारतीय छात्र

इधर, सरकार ने शुक्रवार को राज्यसभा में बताया कि चीन में करॉना वायरस से बुरी तरह प्रभावित वुहान क्षेत्र में अभी 80 भारतीय छात्र मौजूद हैं। राज्यसभा में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सदन को यह जानकारी दी। इससे पहले स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने करॉना वायरस के बारे में अपनी ओर से एक बयान पढ़ा। उस बयान पर विभिन्न दलों के सदस्यों ने उनसे स्पष्टीकरण पूछा था और उन्हीं स्पष्टीकरणों के जवाब में विदेश मंत्री ने यह जानकारी दी।

झलकियां

प्रदेश के

दैनिक नव प्रदेश
के बेमिसाल 8
वर्ष पूरे होने पर
हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
बेमिसाल
8 साल
Anniversary
नव प्रदेश
पंचूराम नायक
भाजपा ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष धनेलीकन्हार
नवनिर्वाचित सरपंच
ग्राम पंचायत कोदागांव

मुख्यमंत्री नारायणपुर के बासिंग में आज करेंगे 261.62 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन

- नेलवाड़ा में 74.90 करोड़ की लागत के 220 के.व्ही.
- नवनिर्मित विद्युत उपकेन्द्र का करेंगे उद्घाटन
- ओरछा में 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेन्द्र, छेरीबेड़ा में 18.44 करोड़ के
- एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भवन का करेंगे लोकार्पण
- 10 करोड़ की लागत से बनने वाले शासकीय आदर्श आवासीय महाविद्यालय भवन का होगा भूमिपूजन

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 8 फरवरी को नारायणपुर जिले के ग्राम बासिंग में अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन 2020 के समापन समारोह में जिले के विकास के लिए 261 करोड़ 62 लाख रूपए की लागत के 79 कार्यों का लोकार्पण करेंगे। श्री बघेल इनमें से 162 करोड़ 36 लाख रूपए की लागत के 46 कार्यों का लोकार्पण और 99 करोड़ 26 लाख रूपए की लागत के 33 कार्यों का भूमिपूजन करेंगे।

मुख्यमंत्री जिन कार्यों का लोकार्पण करेंगे उनमें 74 करोड़ 90 लाख रूपए की लागत से नेलवाड़ में निर्मित 220 के.व्ही. विद्युत उपकेन्द्र, 3 करोड़ 32 लाख रूपए की लागत से विकासखण्ड ओरछा के ग्राम आकाबेड़ा में निर्मित 33/11 के.व्ही.

3.15 एम.व्ही.ए. विद्युत उपकेन्द्र, परलभाट, खोड़गांव, सुपगांव, भरण्डा, टेमरूगांव, कनेरा, खैराभाट और अंजरेल में एक करोड़ 8 लाख रूपए की लागत से लगाए गए 8 सोलर पावर प्लांट संयंत्र (प्रत्येक प्लांट की लागत 13 लाख रूपए) और ग्राम गराजी के शिक्षा परिसर में 49 लाख रूपए की लागत से स्थापित सोलर पावर प्लांट संयंत्र शामिल है। इसी तरह श्री बघेल 8 करोड़ 86 लाख रूपए की लागत से नारायणपुर-कोण्डागांव मार्ग में छेरीबेड़ा नदी पर निर्मित पुल, 4 करोड़ 20 लाख रूपए की लागत से निर्मित 31 पंचायत भवन शामिल हैं। प्रत्येक पंचायत भवन का निर्माण लगभग 13 रूपए की लागत से किया गया है।

मुख्यमंत्री कार्यक्रम में जिन कार्यों का लोकार्पण करेंगे उनमें लगभग 18 करोड़ 44 लाख रूपए की लागत से छेरीबेड़ा में निर्मित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भवन, नारायणपुर में 8 करोड़ 18 लाख रूपए की लागत से निर्मित 250 सीटर आवासीय बालक छात्रावास भवन, बेनूर और छोटे डोंगर में एक करोड़ 79 लाख रूपए की लागत से निर्मित 50-50 सीटर पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास भवन, बेनूर, छोटे डोंगर, सोनपुर और बासिंग में पृथक-पृथक एक करोड़ 62 लाख रूपए की लागत से निर्मित आदिवासी बालक छात्रावास भवन, नारायणपुर में एक करोड़ 20 लाख रूपए की लागत से निर्मित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन, एक करोड़ की लागत से सुलेंगा में निर्मित मॉडल स्कूल के 100 सीटर छात्रावास भवन, 104 करोड़ की लागत से निर्मित 9 प्राथमिक शाला भवन, 181 करोड़ रूपए की लागत से औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र नारायणपुर में निर्मित 100 सीटर छात्रावास भवन, धौड़ाई और बखरूपारा नारायणपुर में 95 लाख रूपए की लागत से निर्मित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन, 73 लाख रूपए की लागत से करलखा में निर्मित हाई स्कूल भवन, 3 करोड़ 36 लाख रूपए की लागत से 12 गांवों में निर्मित 12 उप स्वास्थ्य केन्द्र शामिल हैं। इन उप स्वास्थ्य केन्द्रों का निर्माण ग्राम कोडोली, आदेर, नेड़नार, कुडमेल, कोहकामेटा, झारावाही, कुतुल, गुरीया, महिमागवाड़ी, सोनपुर, कुन्दला और आकाबेड़ा में किया गया है। प्रत्येक उप स्वास्थ्य केन्द्र 28 लाख रूपए की लागत से बनाए गए हैं।

श्री बघेल ग्राम कोहकामेटा और ओरछा में लगभग एक करोड़ 14 लाख रूपए की लागत से पृथक-पृथक निर्मित स्वास्थ्य विभाग के ट्रांजिस्ट हॉस्टल सहित एक करोड़ 23 लाख रूपए की लागत से जिला अस्पताल नारायणपुर स्थापित विद्युत सब स्टेशन, हाई मास्ट लाइट, जनरेटर, सहित विद्युत कार्य, 81 लाख रूपए की लागत से नारायणपुर में निर्मित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय भवन का लोकार्पण भी करेंगे।

■ न्यूज गैलरी

खराब मौसम के कारण सीएम का बलौदाबाजार-मुंगेली दौरा रद्द

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आज बलौदाबाजार और मुंगेली जिले के दौरे को बेमौसम बारिश को देखते हुए रद्द कर दिया गया है। मुख्यमंत्री श्री बघेल के तय कार्यक्रम के अनुसार आज वे दोपहर 12.30 बजे पुलिस परेड मैदान रायपुर से हैलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 1 बजे दामाखेड़ा जिला बलौदाबाजार पहुंचने वाले थे। यहां उन्हें सदगुरू कबीर संत समागम समारोह में शामिल होना था। लेकिन खराब मौसम तथा बेमौसम हो रही बारिश को देखते हुए उनका बलौदाबाजार, मुंगेली जिले का दौरा रद्द कर दिया गया है।

सीएम ने रिटायर्ड आईएएस नारायण सिंह के निधन पर दु:ख प्रकट किया

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी और छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के पूर्व अध्यक्ष श्री नारायण सिंह के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया है। उन्होंने स्वर्गीय श्री नारायण सिंह के परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

डीएड और बीएड संघ के अभ्यार्थियों ने घेरा इंद्रावती भवन

रायपुर। राज्य के सभी जिलों से आये डीएड और बीएड संघ के अभ्यार्थियों ने अपनी मांग को लेकर शुक्रवार को इंद्रावती भवन का घेराव किया तथा जमकर नारेबाजी करते हुए भवन के अंदर घूसने की कोशिश की जिन्हें पुलिस ने रोक लिया। इन्होंने शिक्षक और सहायक शिक्षक भर्ती 2019 में एनआईओएस को अपात्र सूची में रखने की मांग की है। इसी मांग को लेकर लोक शिक्षा संचालक और कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा गया।प्रदर्शनकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने 18 माह का यह कोर्स उन शिक्षकों के लिए आयोजित किया गया था, जो कि अप्रशिक्षित हैं और शिक्षा के अधिकार कानून के चलते उनकी नौकरी जाने का खतरा मंडरा रहा है

चोरी करने घर में घुसे युवक की मोहल्ले वालों ने की पिटाई

रायपुर। शहर के बसदेवापारा रामकुण्ड में आधी रात को एक घर में चोरी की नियत से घुसा युवक को घर के सदस्यों द्वारा देखकर शोर मचाने पर उक्त आरोपी को मोहल्लेवासियों ने पकड़कर उसकी पिटाई कर दी।

आजाद चौक थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बसदेवापारा निवासी श्रीमती नंदरानी वासुदेव के घर में बीती आधी रात में आरोपी राहुल उर्फ खली बली ढीमर पिता भुनेश्वर (35 वर्ष) निवासी रामकुण्ड चोरी की नियत से घुसा था। इससे पहले की आरोपी घर में चोरी कर पाता घर के सदस्य जाग गए और आरोपी को देख लिया। इसके बाद आरोपी चोरी किए बगैर वहां से भागने लगा। लेकिन घर के सदस्यों के जोर से शोर मचाने पर मोहल्ले के अन्य लोग भी जाग गए और आरोपी को छत से कुदने के तुरंत बाद पकड़ कर उसकी पिटाई कर दी। पुलिस ने इस घटना की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 457 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

पिस्टल, कारतूस व बटनचाकू के साथ एक गिरफ्तार

रायपुर। राजधानी रायपुर के सेजबहार थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक व्यक्ति को पिस्टल, जिंदा कारतूस व बटनचाकू क के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी लालाराम बंजारे पिता परदेशीराम (50 वर्ष)निवासी ग्राम रवेली मुजगहन के पास से 6 फरवरी को शाम 4.30 बजे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक नग पिस्टल 5 नग जिंदा कारतूस एवं एक नग बटनचाकू बरामद किया है। आरोपी के पास पिस्टल व जिंदा कारतूस कहा से आये इसके बारे में आरोपी से पूछताछ की जा रही है। फिलहाल आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर रही है।

दो जगहों पर जुआ खेलते 5 पकड़ाए

रायपुर। शहर में अलग-अलग दो जगहों पर जुआ खेलते हुए पांच लोगों को पकड़कर पुलिस ने उनके पास लगभग एक हजार रूपये एवं तासपत्ती बरामद किया है। पकड़ाए आरोपी में राहुल आहूजा पिता किशोर 21 वर्ष एवं अन्य एक को गली नंबर-3 तेलीबांधा और राजेश शर्मा पिता सतीश 36 वर्ष एवं अन्य दो को जनपत कार्यालय के पास आरंग से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट 13 के तहत कार्रवाई की है।

ट्रक की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त

रायपुर। शहर के भाठागांव बिजली ऑफिस के सामने रिंग रोड पर 6 फरवरी को शाम 4.15 बजे ट्रक क्रमांक सीजी04एलके7132 के चालक ने गाड़ी को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए प्रार्थी गुरूदास तोलानी की मारूति कार को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ धारा 279 के तहत अपराध दर्ज किया है।

आज मंत्री उमेश पटेल राजीव भवन में कांग्रेसजनों से मिलेंगे

रायपुर। 08 फरवरी शनिवार को मिलिये मंत्री से कार्यक्रम में उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं जनशक्ति नियोजन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंत्री उमेश पटेल दोपहर 3 बजे से राजीव भवन में बैठेगे।

तीन दिनों से लापता चार बच्चे मिले ओडिशा में,अपनी मर्जी से निकले थे घूमने

रायपुर। राजधानी रायपुर के टाटीबंध स्थित भारत माता स्कूल से विगत दिनों लापता चार नाबालिग बच्चों को पुलिस ने उड़ीसा से सकुशल बरामद कर लिया है। चारों बच्चों ने घुमने का प्लान बनाया तथा अपने एक दोस्त को इसकी जानकारी देकर निकल गए थे। घूमने के दौरान एक बच्चे की तबियत बिगड़ने के चलते उन्होंने अपने दोस्त को शुक्रवार को रायपुर फोन किया जिसके आधार पर पुलिस ने लोकेशन ट्रैस कर उनकी पतासाजी की तथा उन्हें सकुशल रायपुर लाया जा रहा है। ज्ञात हो कि चार फरवरी को भारतमाता स्कूल में पढ़ने वाले 2 नाबालिग लड़कियां तथा 2 नाबालिग लड़के स्कूल जाने के नाम पर घर से एक साथ निकले थे, किंतु ये स्कूल नही पहुंचे और छुट्‌टी के बाद अपने घर भी नही पहुंचे जिसके बाद परिजनों ने इनकी खोजबीन शुरू की किंतु कुछ भी पता नही चलने पर पुलिस में इसकी सूचना दी गई थी।

एमजीएम प्रकरण में हाईकोर्ट ने कहा, शासन की जांच कार्यवाही विधि सम्मत

रायपुर। एमजीएम हॉस्पिटल में जांच के लिए पहुंची टीम के बैरंग लौटने के बाद अब शासन - प्रशासन ने अस्पताल प्रबंधन पर अपना शिकंजा और कड़ा करने का मन बना लिया है। दूसरी ओर हाईकोर्ट ने भी इस मामले में शासन-प्रशासन की कार्यवाही को उचित मानते हुए अस्पताल की ओर से याचिकाकर्ताओं को कार्यवाही में अपना पूर्ण सहयोग देने का निर्देश दिया है।

हाईकोर्ट की सेंगल बेंच में आज न्यायाधीश पी. सैम कोशी की अदालत में याचिका क्रमांक डब्ल्यूपीसी 568-2019 मिक्की मेमोरियल ट्रस्ट विरुद्ध छत्तीसगढ़

शासन एवं अन्य पर सुनवाई हुई। याचिका पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि उपरोक्त प्रकरण मिक्की मेमोरियल ट्रस्ट के द्वारा उच्च न्यायालय के समक्ष यह कहते हुए पेश किया गया था कि शासन द्वारा बार-बार एमजीएम आई इंस्टीट्‌यूट का निरीक्षण बिना सुनवाई का अवसर दिए बिना एवं किसी भी शिकायत की जानकारी दिए बिना परेशान किया जा रहा है। याचिका में यह भी कहा गया कि पहले की शिकायत की प्रति जिसके कारण निरीक्षण किया जा रहा है प्रदान की जाए, इसके पश्चात कार्यवाही की जाए और समस्त जांच प्रक्रिया को खारिज किया जाए। शासन के द्वारा याचिकाकर्ता के उक्त दावों के जवाब में बताया गया कि समस्त कार्यवाही रजिस्ट्रार पब्लिक लोक न्यास अधिनियम की परिधि के अंदर किया जा रहा है। जिसमें मात्र याचिकाकर्ता से जानकारी चाही गई है। किंतु याचिकाकर्ता एवं पक्ष द्वारा कोई जानकारी प्रदान नहीं की गई।

राष्ट्रीय कृषि मेला : मछलीपालन की मिलेगी तकनीकी जानकारी

- बिक्री के लिए रंगीन मछलियों का फिश पॉट होगा उपलब्ध

रायपुर। राष्ट्रीय कृषि मेला का आयोजन राजधानी रायपुर के तुलसी बाराडेरा स्थित फल सब्जी उपमंडी प्रांगण में 23 से 25 फरवरी 2020 तक किया जाएगा। इस मेले में मछलीपालन विभाग द्वारा तालाब में मछलीपालन की नवीन तकनीक का प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शनी स्थल पर मछली उत्पादन के लिए ऑक्सीजन प्रदान करने वाले यंत्र एरेटर और एक्वेरियम हाउस का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले मत्स्य कृषकों को मछलीपालन की आधुनिक तकनीकों की जानकारी भी दी जाएगी। मछलीपालन विभाग के स्टॉल में मत्स्य कृषकों को ऋण अनुदान पर ऑटो, मोटरसायकिल तथा एरेटर भी वितरित किया जाएगा। एक्वेरियम हाउस में रंगीन मछलियां प्रदर्शित की जाएंगी। रंगीन मछलियों की प्रजाति फ्लावर हार्न और ज्वेल मुख्य आकर्षण रहेगा। मछलीपालन विभाग के स्टाल में रंगीन मछलियों सहित फिश पॉट 200 से 300 रूपए में बिक्री के लिए उपलब्ध रहेगा। ऐसी मान्यता है कि इस फिश पॉट को रखने से वास्तुदोष दूर हो जाते हैं।

जलवायु परिवर्तन एक वृहद विज्ञान, इसका मिलकर मुकाबला करें, समाधान ढूंढें : बोरा

- श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा पर्यावरण विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में हुए शामिल

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्यपाल के सचिव श्री सोनमणि बोरा ने कहा कि आज विभिन्न कारणों से जलवायु में परिवर्तन हो रहा है। इसे हम समस्या के रूप में माने या वृहत विज्ञान के रूप में, यह चिंतन का विषय है। इसे वृहत विज्ञान के रूप में मान सकते हैं। इसका सभी को मिलकर समाधान ढूंढ़ना होगा। नीति निर्माता, वैज्ञानिक और युवाओं को एक साथ मिलकर इसका सामना करना होगा। इस महा आंदोलन में समाज विशेषकर युवाओं की भूमिका भी महत्वपूर्ण होगी। श्री बोरा आज श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा पर्यावरण विषय पर आधारित राष्ट्रीय सेमिनार को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि हमारी धरती की आयु 3.8 बिलियन है। यह बताया जाता है कि पिछले 500 मिलियन वर्ष में 5 बड़े दुर्घटना हुई, जिससे कभी 30-40 प्रतिशत प्रजाति धरती से विलुप्त हो गई। मनुष्य के असीमिति लोभ के कारण 6वीं महाप्रलय हो सकता है।

श्री बोरा ने गांधी जी द्वारा दिए गए उद्धरण के माध्यम से कहा कि पर्याप्त संसाधन होते हुए भी अत्यधिक पाने की चाह के कारण हमें वातावरण में यह परिवर्तन देखने को मिल रहा है। इन परिवर्तनों के लिए कहीं न कहीं जिम्मेदार हम ही हैं। आज बेमौसम बारिश हो रही है। मौसम चक्र में बदलाव देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में कुछ समय के अंतराल में ऐसा हुआ है कि कम विजीबिलिटी के कारण राजधानी के एयरपोर्ट में विमान नहीं उतर पा रहे हैं। यहां तक के हमारे द्वारा उगाए जा रहे धान के फसलों की वेरायटी में भी फर्क देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक जगह से दूसरे जगह हो रहे पलायन का संबंध भी किसी न किसी रूप में जलवायु परिवर्तन से है।

श्री बोरा ने कहा कि इस समस्या का सामना करने के लिए हमें जागरूक होना पड़ेगा। हमें ऐसे साधन अपनाने पड़ेंगे कि पर्यावरण सतत रहे। ऐसे सेमिनार के माध्यम से प्रयास करें कि इसका हम सही समाधान ढूंढें और हमारी पृथ्वी को नष्ट होने से बचाएं।

नगरीय प्रशासन मंत्री ने रायपुर में खाली पड़ी सरकारी जमीनों का किया निरीक्षण

- गरीबों और छोटे व्यवसायियों का होगा व्यवस्थापन एवं पुनर्वास
- कलेक्ट्रेट परिसर ऑक्सीजोन में स्थापित होगा शहीद नंदकुमार पटेल का आदमकद प्रतिमा

रायपुर। नगरीय प्रशासन और श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया भरी बरसात में गरीबों और छोटे व्यवसायियों के व्यवस्थान एवं पुनर्वास के लिए नगर पालिक निगम रायपुर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर खाली पड़े जगहों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत गरीबों, छोटे व्यवसायियों के लिए व्यवसायिक कॉम्पलेक्स और राजीव आवास योजना के तहत गरीबों के लिए मकान बनाया जाना है। डॉ. डहरिया ने इस उद्देश्य से शक्तीनगर स्थित मुख्य सड़क किनारे लगभग 11000 वर्ग फीट खाली जमीन का निरीक्षण कर उचित उपयोग करने के लिए

अवलोकन किया वहीं कांपा स्थित लगभग 5000 वर्ग फीट खाली जमीन का निरीक्षण कर उचित उपयोग करने पर बल दिया।

नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. डहरिया ने कलेक्टर परिसर ऑक्सीजोन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ऑक्सीजोन परिसर में शहीद नंदकुमार पटेल के आदमकद प्रतिमा स्थापित करने वाली स्थल का भी निरीक्षण किया। डॉ. डहरिया इसके बाद रजबंधा मैदान में प्रेस कॉम्पलेक्स के पीछे खाली पड़ी जमीन का निरीक्षण किया। उन्होंने खाली जगह में दोनों ओर मुख्य मार्ग से जोड़ते हुए चमचमाती सड़क और बचे हुए शेष जगहों पर व्यवसायिक कॉम्पलेक्स बनाने के निर्देश मौके पर ही अधिकारियों को दिये। वे इसके बाद लालगंगा कॉम्पलेक्स की पीछे मौलाना अब्दुल रउफवार्ड में स्थित राजीव आवास कॉम्पलेक्स का अवलोकन किया। इन्होंने कॉम्पलेक्स के किनारे खाली जमीन पर सुविधानुसार व्यवसायिक कॉम्पलेक्स बनाये जाने कार्ययोजना तैयार करने अधिकारियों को निर्देश दिये।

उल्लेखनीय है कि रायपुर शहर के विधायक कुलदीप जुनेजा ने विधानसभा में खालसा स्कूल के सामने बस स्टैण्ड के पास हटाये गये 70 दुकानों के व्यवस्थापन की मांग की थी। डॉ. डहरिया ने नगर निगम रायपुर के खाली पड़े स्थानों का निरीक्षण कर इन छोटे व्यवसायियों का व्यवस्थापन और झोपड़ियों में निवासरत शहरी गरीब परिवार के लिए आवास उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया था। इसी कड़ी में आज नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने खाली पड़ी जमीन का निरीक्षण कर उचित उपयोग करने और अधिकारियों को कार्ययोजना तैयार करने निर्देश दिया।

कार्यशाला | कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न के दाण्डिक परिणामों और समिति की जानकारी डिस्प्ले करना जरूरी

सुरक्षित कार्यस्थल हर महिला का कानूनी और संवैधानिक अधिकार

- कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न विषय पर समिति सदस्यों के लिए कार्यशाला आयोजित

रायपुर। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आज राजधानी में कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न की जांच के लिए विभागों में गठित आंतरिक और स्थानीय समिति के पदाधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में दिल्ली की प्रशिक्षक श्रीमती ईशा शेखर ने कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 के प्रावधानों, क्रियान्वयन और जांच के दौरान आने वाली समस्याओं के निराकरण पर विस्तार से बताया।

श्रीमती ईशा ने बताया कि कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की परिस्थितियों के लिए भारतीय दण्ड संहिता के तहत प्रावधान हैं, लेकिन लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 ने कार्यस्थल पर होने वाले अनेक प्रकार के यौन उत्पीड़न कृत्यों और स्थानों के दायरे को विस्तारित किया है। सुरक्षित कार्यस्थल हर महिला का कानूनी और संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि अधिनियम के तहत प्रत्येक नियोक्ता का कर्तव्य है कि कार्य स्थल पर सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराए। नियोक्ता द्वारा कार्यस्थल के किसी सहज-दृश्य स्थान पर लैंगिक उत्पीड़न के दाण्डिक परिणामों तथा आंतरिक समिति के सदस्यों की जानकारी का डिस्प्ले बोर्ड भी लगाया जाना चाहिए।

श्रीमती ईशा ने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि लैंगिक उत्पीड़न सिर्फ अनुचित शारीरिक संपर्क तक सीमित न होकर, इसमें यौन प्रकृति का कोई अप्रिय मौखिक या शारीरिक व्यवहार भी शामिल होता है, जो कार्यालय का वातावरण अपमानजनक बनाता है। इनमें अश्लील टिप्पणियां, अश्लील तस्वीरें और दृश्य दिखाना भी शामिल हैं। कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न के विरूद्ध कोई महिला तीन महीने के अंदर लिखित शिकायत समिति को कर सकती है। इस इसके तहत संविदा, इंटर्नशिप में आने वाले कर्मचारी, दैनिक भोगी सहित घर में काम करने वाली कर्मचारी को भी शामिल किया गया है।

संपादकीय

संसद में सियासी संग्राम

संसद आज उस समय शर्मसार हो गई जब सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच हाथापाई की नौबत आ गई। हालांकि यह कोई पहली घटना नहीं है। इसके पूर्व भी संसद में असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल होता रहा है और सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच झुमा झटकी तथा हाथापाई की नौबत आती रही है। आज एक बार फिर विपक्ष और सत्तापक्ष के बीच मारपीट की घटना होते-होते बची लोकसभा में प्रश्नोत्तर काल के दौरान जब केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन सवालों का जवाब देते हुए यह मांग कर बैठे कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए माफी मांगे। तो कांग्रेस के एक सांसद एम. टैगोर उनकी तरफ उत्तेजित होकर बढ़े। यदि स्मृति ईरानी सहित अन्य भाजपा सांसदों ने उन्हें रोका नहीं होता तो वे डॉ. हर्षवर्धन पर हमला भी कर सकते थे। हालांकि उन्होंने इससे इंकार किया है और अपने बचाव में कहा है कि उनका स्वास्थ्य मंत्री पर हमला करने का कोई इरादा नहीं था। उन्होंने भाजपा सांसदों पर आरोप लगाया है कि उन्होंने उनके साथ हाथपाई की है। वहीं भाजपा सांसदों ने इस घटना पर तीव्र असंतोष जताते हुए कांग्रेस सांसद एम टैगोर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस घटना के बाद फिर लोकसभा की कार्रवाई स्थगित कर दी गई। संसद के इस महत्वपूर्ण बजट सत्र में बजट पेश होने के बाद से राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के नाम पर सिर्फ हंगामा ही हो रहा है। कायदे से तो यह होना चाहिए कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच सार्थक चर्चा हो। लेकिन ऐसा लगता है कि विपक्ष हमेशा की तरह चर्चा से बचना चाहता है और हंगामा खड़ा कर संसद की कार्रवाई को बाधित करना चाहता है। जबकि राष्ट्रपति के अभिषाण पर चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष से राष्ट्रहित के मामले में सहयोग का आव्हान किया था। ऐसा प्रतित होता है कि नई दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर संसद को भी राजनीति का अखाड़ा बनाने की कोशिश की गई है जो लोकतंत्र के हित में कतई नहीं है।

विचार

सुरक्षा में जम जाना

यह वाकई चिंता की बात है कि सियाचिन जैसे दुर्गम इलाकों में तैनात जवानों को खाना-कपड़ा और अन्य जरूरी वस्तुएं समय पर नहीं मिल पा रही हैं। नियंत्रक एवं महा लेखा परीक्षक (सीएजी) ने सोमवार को संसद में पेश अपनी रिपोर्ट में कहा है कि सियाचिन, लद्दाख और डोकलाम जैसी ऊंची बर्फीली जगहों पर तैनात जवानों को पिछले पांच वर्षों में जरूरी उपकरणों के साथ-साथ राशन की भी किल्लत झेलनी पड़ी है। रिपोर्ट के अनुसार हाई आल्टिट्यूड इलाकों में पहने जाने वाले विशेष कपड़ों और वहां इस्तेमाल होने वाले जरूरी उपकरणों की खरीद में चार साल तक की देरी हुई, जिसके चलते इनकी काफी कमी हो गई। बर्फीले इलाकों में खतरनाक चौंध से आंखों को बचाने वाले स्नो गॉगल्स की 62 फीसदी तक कमी रही। जवानों को 'मल्टी परपज बूट' नहीं मिल सके जिसके कारण करीब एक साल तक उन्हें पुराने जूतों की मरम्मत करके काम चलाना पड़ा। खरीद प्रक्रिया में देरी की वजह से सैनिकों की सुरक्षा और साफ-सफाई पर बुरा असर पड़ा। और तो और, खाना भी उन्हें कम कैलोरी का मिला। रिसर्च और डिवेलपमेंट की कमी और स्वदेशीकरण में विफलता के चलते चीजों के आयात की मजबूरी बनी रही। एक सैन्य अधिकारी की सफाई है कि सीएजी की रिपोर्ट साल 2015-16 से 2018-19 के बीच की है और अब चीजों को सुधार लिया गया है। ये वाकई कितनी सुधरी हैं, इसका पता शायद अगली सीएजी रिपोर्ट में चले, लेकिन अभी तो रिपोर्ट यही बताती है कि दुर्गम जगहों पर तैनात हमारे सैनिक अच्छी स्थितियों में नहीं रह रहे। इंसानी रिहाइश के लिहाज से संसार की इन सबसे बुरी जगहों में उन्हें हर वक्त चाक-चौबंद रहते हुए दिन में दो बार गश्त लगानी पड़ती है। मौजूदा सरकार ने अपने अजेंडे में राष्ट्रवाद और राष्ट्रीय सुरक्षा को सबसे ऊपर रख छोड़ा है। नागरिकों में सैनिकों के प्रति सम्मान और संवेदना बढ़ाने के लिए तमाम कोशिशें की जा रही हैं। सेना में शीर्ष स्तर से ढांचागत सुधारों की शुरुआत कर दी गई है। संगठन और कामकाज की विसंगतियां दूर की जा रही हैं। चीफऑफडिफेंस स्टाफकी नियुक्ति की गई है। इन बदलावों के अंतिम लाभार्थी हमारे सैनिक ही होने चाहिए। संसार की किसी भी सेना को खाने-पहनने और आत्मरक्षा की जो आधुनिकतम सुविधाएं उपलब्ध हैं, वे इन जगहों पर तैनात हमारे सैनिकों को मिलनी चाहिए।

टेक - ज्ञान

ऐपल 9 के साथ बेस्ट-एवर डील

प्रीमियम स्मार्टफोन ब्रैंड ऐपल की ओर से इस साल एक अफॉर्डेबल आईफोन लॉन्च किया जाना है और यह 2020 का पहला आईफोन हो सकता है। अब तक इस स्मार्टफोन के नाम को लेकर काफी कन्फ्यूजन देखने को मिल रहा है और साफ नहीं है कि इसका नाम क्या होगा। कुछ रिपोर्ट्स का कहना है कि इसे ऐपल 9 कहा जाएगा तो वहीं कई रिपोर्ट्स इसे आईफोन एसई मान रही हैं। अब कोरिया में डिवाइस का प्री-ऑर्डर पोस्टर सामने आया है।

अध्यात्म और संस्कृति का संगम माघी मेला

डॉ. संजय शुक्ला

> इन मेलों में सोने-चांदी के जेवरों, कपड़े मनिहारी, बर्तन की दुकानों से लेकर मनोरंजन के लिए सिनेमाघर, सर्कस, झूला इत्यादि साधन उपलब्ध रहते हैं। इस मेले में आने वाला हर श्रद्धालु ओड़ीसा संस्कृति की स्वाद लिये हुए स्वादिष्ट ''उखरा'' का विशेष मुरीद बन जाता है। निःसंदेह ये मेले आस्था, संस्कृति एवं मनोरंजन के अद्भूत संगम है। हालाँकि ये मेले धार्मिक आस्था के केन्द्र होते हैं लेकिन इन आयोजनों का उपयोग सामाजिक जन-जागृति के लिए भी किया जा सकता है। छत्तीसगढ़ शासन से अपेक्षा है कि इन मेलों में आदिवासी कला एवं संस्कृति को भी पर्याप्त प्रोत्साहन दिया जावे ताकि आदिवासियों को भी उनके कलाकृतियों के लिए बाजार मिल सके तथा वे भी आंचलिक संस्कृतियों से परिचित हो सकें।

''धान का कटोरा'' छत्तीसगढ़ बहुआयामी संस्कृति एवं अनगिनत विशेषताओं के कारण देश में विख्यात है। नैसर्गिक संपदाओं तथा वनाच्छादित पुरावैभव से परिपूर्ण और लोगों के सहज-सरल जीवनशैली के कारण यह अंचल पेश देश के लिए बरसों से आस्था एवं आकर्षण का केन्द्र रहा है। मेला-मड़ई इस अंचल की आत्मा है जहाँ ये मेले लोगों के आस्था और मनोरंजन के स्रोत हैं वहीं ग्रामीण जन-जीवन के लिए वैवाहिक जीवनशैली गत आवश्यकताओं के पूर्ति के माध्यम भी हैं। इन मेलों में लोग वैवाहिक कार्यक्रमों के लिए आवश्यक खरीदी जैसे कपड़े, बर्तन, अनाज एवं मनिहारी की खरीदी करते है क्योंकि ग्रामीण अंचल में आमतौर पर शादियाँ इस मेले के बाद ही होती है। मेले-मड़ईयों का चलन सदियों से रहा है जिसकी अपनी-विशिष्ट धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व है। वैसे तो अंचल में अनेक अवसरों पर कई मेले लगते हैं लेकिन माघी पूर्णिमा के दिन राजिम एवं शिवरीनारायण सहित सिरपुर, रतनपुर, सेतगंगा, बेलपान, सेमरसल, कुदुरमाल, रूद्री व सिहावा में लगने वाले मेले उल्लेखनीय हैं। माघ पूर्णिमा से लेकर महाशिवरात्री तक राजिम एवं शिवरीनारायण में आयोजित होने वाले ''माघी मेले'' का ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व है। पन्द्रह दिनों तक चलने वाले इन मेलों का प्रमाण पैराणिक ग्रंथों में भी मिलता है, ऐतिहासिक दस्तावेज इम्पीरियल गजेटियर के अनुसार ये मेले 100 वर्षो से भी ज्यादा पुराने है। छत्तीसगढ़ के प्रयागराज के नाम से ख्यात शिवरीनारायण जो कि महानदी के तट पर बसा है में आयोजित होने वाला माघी मेला धार्मिक आस्था एवं अटूट विश्वास का अद्भुत संगम है। भगवान शबरीनारायण के प्रति अटूट आस्था का प्रमाण है कि सैकड़ों महिला-पुरूष एवं बच्चे दूर-दूर से भगवान के दर्शन हेतु जमीन में लोटते हुए धर्मनगरी शिवरीनारायण आते है, मेले में रामनामियों का समागम भी उल्लेखनीय है।

पैराणिक मान्यताओं एवं धार्मिक आस्था के लिए प्रसिद्ध नगरी राजिम को पैराणिक कथाओं में देवपुरी संबोधित किया गया है। यहाँ भगवान राजीवलोचन का प्रसिद्ध मंदिर है, वस्तुतः भगवान विष्णु राजीवलोचन के रूप में विराजमान हैं पुराणों के अनुसार इस मंदिर का निर्माण 8वीं और 9वीं शताब्दी के

माघी मेला विशेष

आसपास है। मंदिर में काले पत्थर से निर्मित भगवान विष्णु की चतुर्भुजी प्रतिमा है। इस मंदिर के आस-पास शिव मंदिरों की विशाल श्रृंखला जिसमें प्रमुख पंचमेश्वर महादेव, पीपलेश्वर महादेव, बटेश्वर महादेव, लोमेश्वर महादेव, पद्मेश्वरनाथ महादेव एवं लोधेश्वरनाथ महादेव, आदि मंदिर हैं, राजिम में शिव मंदिरों की बहुलता है। महानदी, सोंढूर और पैरी नदी के त्रिवेणी संगम में कुलेश्वर नाथ मंदिर है। मेले के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़, यज्ञ, होम, संत समागम, प्रवचन, संत कुटीर, स्नान-दान, विभिन्न अखाड़ों के साधुओं के विलक्षण करतब, नागा साधुओं के आर्शीवाद, शाही स्नान, कुंड एवं विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम अध्यात्मिक पर्व की सार्थकता को सिद्ध करते हैं। राजिम नगरी के पास ही प्रभु वल्लभाचार्य की प्रगट्य भूमि चंपारण एवं गरियाबंद के भूतेश्वर महादेव दर्शनी स्थल है। गौरतलब है कि महानदी के तट पर स्थित धर्मनगरी राजिम एवं शिवरीनारायण में आयोजित होने वाले मेलों के पौराणिक पृष्ठभूमि पर विचार करें दोनों आयोजनों का व्यापक धार्मिक एवं पौराणिक महत्व है। प्राचीन पैराणिक ग्रंथों में शिवरीनारायण नगरी को ''श्री नारायण क्षेत्र'', ''श्री पुरूषोत्तम क्षेत्र'', ''शबर-नारायण'' और ''शौरिनारायण'' तथा ''शबरीनारायण'' के नाम से संबोधित किया गया है। अंचल के प्रसिद्ध साहित्यकार एवं लेखक प्रो. अश्विनी केशरवानी लिखित रचना 'शिवरीनारायण'' के अनुसार मंदिरों की इस नगरी में अनेकानेक मंदिर हैं जो विभिन्न कालों में निर्मित हुए हैं, अधिकांश मंदिर भगवान विष्णु के अवतारों के हैं। माधी पूर्णिमा के दिन आयोजित होने वाले यहाँ के मेले के संबंध में मान्यता है कि इस दिन भगवान जगन्नाथ यहाँ विराजते हैं तथा पुरी के जगन्नाथ मंदिर का पट बंद रहता है। ''आदिकाल से शिवरीनारायण को छत्तीसगढ़ के जगन्नाथ धाम की संज्ञा दी गई हैं। प्रचलित परंपरा अनुसार भगवान शबरीनारायण के दर्शन के बाद राजिम का दर्शन आवश्यक माना गया है क्योंकि यहाँ साक्षी गोपाल विराजमान हैं।'' यह मान्यता है कि इस धर्मनगरी के प्रवास के दौरान चित्रोत्पला-महानदी में स्नानकर भगवान शबरीनारायण और उनके चरण को स्पर्श करते हुए रोहिणीकुंड के दर्शन से पुण्य और मोक्ष प्राप्त होता है। यहाँ महानदी, शिवनाथ एवं जोंक नदी का संगम हैं। गौरतलब है कि महानदी के तट पर स्थित धर्मनगरी राजिम एवं शिवरीनारायण में आयोजित होने वाले मेलों के पौराणिक पृष्ठभूमि पर विचार करें दोनों मेलों का व्यापक धार्मिक एवं पौराणिक महत्व है तथा ये मेले लौकिक एवं इहलौकिक कल्याण के साधन हैं। मेले के दौरान श्रद्धालु छत्तीसगढ़ की गंगा महानदी में पुण्य स्नान कर अभूतपूर्व आत्मिक शांति की अनूभूति करते है। शिवरीनारायण से तीन किलोमीटर की दूरी पर खरौद नगरी का प्रसिद्ध लक्ष्मणेश्वर महादेव मंदिर प्रमुख अस्था का केन्द्र है, यहाँ महाशिवरात्री पर्व पर विशाल मेला लगता है। ज्ञातव्य है कि इन मेलों के दौरान जहाँ आस्था का सैलाब उमड़ पड़ता है वहीं आंचलिक संस्कृति और पकवानों की महक भी अपनी विशिष्टता बिखेरती है। इन मेलों में सोने-चांदी के जेवरों, कपड़े मनिहारी, बर्तन की दुकानों से लेकर मनोरंजन के लिए सिनेमाघर, सर्कस, झूला इत्यादि साधन उपलब्ध रहते हैं। इस मेले में आने वाला हर श्रद्धालु ओड़ीसा संस्कृति की स्वाद लिये हुए स्वादिष्ट ''उखरा'' का विशेष मुरीद बन जाता है। निःसंदेह ये मेले आस्था, संस्कृति एवं मनोरंजन के अद्भूत संगम है। हालाँकि ये मेले धार्मिक आस्था के केन्द्र होते हैं लेकिन इन आयोजनों का उपयोग सामाजिक जन-जागृति के लिए भी किया जा सकता है। छत्तीसगढ़ शासन से अपेक्षा है कि इन मेलों में आदिवासी कला एवं संस्कृति को भी पर्याप्त प्रोत्साहन दिया जावे ताकि आदिवासियों को भी उनके कलाकृतियों के लिए बाजार मिल सके तथा वे भी आंचलिक संस्कृतियों से परिचित हो सकें। इन प्रयासों से विभिन्न जाति-समाजों के बीच सांस्कृतिक अदान-प्रदान भी संभव हो सकेगा। (लेखक शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय रायपुर में सहायक प्राध्यापक है)

शर्मनाक हार के साथ भाजपा सत्ता से बेदखल, शीला युग शुरू

अनिल जैन

> इस प्रकार दिल्ली को शीला दीक्षित के रूप में लगातार दूसरी महिला मुख्यमंत्री मिलीं। शीला दीक्षित सरकार के इस कार्यकाल में दिल्ली का चेहरा बदलना शुरू हुआ। आज दिल्ली की जीवनरेखा मानी जाने दिल्ली मैट्रो परियोजना इसी कार्यकाल में शुरू हुई थी और दिल्ली की सडकों पर फ्लाई ओवर का जाल बिछना भी शीला दीक्षित के इसी कार्यकाल मे शुरू हुआ था। इन्हीं कामों की निरंतरता के बूते कांग्रेस ने शीला दीक्षित के नेतृत्व में लगातार 15 वर्षों दिल्ली का शासन चलाया। दूसरी ओर भाजपा के लिए इस चुनाव में शुरू हुआ हार का सिलसिला न सिर्फ2003 में भी जारी रहा बल्कि उसके बाद अभी तक हुए सभी चुनाव में अटूट रहा है।

दिल्ली विधानसभा का तीसरा चुनाव नवंबर 1998 में हुआ। उस समय तक राष्ट्रीय राजनीति का परिदृश्य पूरी तरह बदल चुका था। 1996 के आम चुनाव में कांग्रेस बुरी तरह हारकर सत्ता से बाहर हो चुकी थी। देश गठबंधन राजनीति के युग में प्रवेश कर चुका था। गैर भाजपा विपक्षी दलों के संयुक्त मोर्चा की दो अल्पकालिक सरकारें देश देख चुका था और फरवरी 1998 में हुए मध्यावधि चुनाव में भाजपा की अगुवाई में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए की सरकार केंद्र में बन चुकी थी। उसी सरकार में मंत्री सुषमा स्वराज से इस्तीफा दिला कर भाजपा ने उन्हें दिल्ली विधानसभा चुनाव के ऐन पहले दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया था। दूसरी तरफकेंद्र की सत्ता से बाहर हो चुकी कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व भी पीवी नरसिंहराव के हाथ से निकलकर सीताराम केसरी के पास होता हुआ फिर से गांधी-नेहरू परिवार के हाथों में आ चुका था और सोनिया गांधी कांग्रेस की अध्यक्ष बन चुकी थीं।

इसी पृष्ठभूमि में हुआ था दिल्ली विधानसभा का तीसरा चुनाव। भाजपा ने यह चुनाव सुषमा स्वराज के चेहरे पर लडा जबकि कांग्रेस ने इस बार भी मुख्यमंत्री के उम्मीदवार के तौर पर किसी नेता का चेहरा पेश नहीं किया। चूंकि शीला दीक्षित दिल्ली प्रदेश कांग्रेस की अध्यक्ष थी, इसलिए चुनाव में एक तरह से वे ही कांग्रेस की अगुवाई कर रही थीं। उन्हें कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी का पूरा भरोसा हासिल था।

भारी भरकम बहुमत के साथ पांच साल तक सरकार चलाने के बावजूद भाजपा के खाते में ऐसी कोई उपलब्धि या बडा काम नहीं था जिसके आधार वह वोट मांग सके। संगठन के स्तर पर भी वह बुरी तरह बंटी हुई थी। मदनलाल खुराना दोबारा मुख्यमंत्री न बनाए जाने से क्षुब्ध थे तो साहिब सिंह वर्मा मुख्यमंत्री पद से हटाए जाने से अपने को अपमानित महसूस कर रहे थे, जबकि विजय कुमार मल्होत्रा को इस बात का मलाल था कि पार्टी ने उनकी वरिष्ठता को नजरअंदाज करते हुए उन्हें मुख्यमंत्री पद के योग्य नहीं माना। तीनों दिग्गज पूरे चुनाव अभियान के दौरान खिंचे-खिंचे रहे

दिल्ली विधानसभा चुनाव-1998

और तीनों ने अपनी सक्रियता को सिर्फ अपने समर्थक उम्मीदवारों के चुनाव क्षेत्रों तक ही सीमित रखा।

दूसरी ओर कांग्रेस ने भी पांच साल विपक्ष में रहते हुए ऐसा कुछ नहीं किया था, जिसके आधार पर लोग उससे अपना जुडाव महसूस करे या वह लोगों से वोट मांग सके। उसके पास बताने को सिर्फ भाजपा की नाकामियां ही थीं। दिल्ली के लोग बिजली और प्याज के संकट से बुरी तरह जूझ रहे थे। यह संकट ही कांग्रेस के लिए सबसे बडा मुद्दा था। लोग भाजपा सरकार में नेतृत्व के स्तर पर पूरे पांच साल तक मची रही अफरातफरी और कामकाज के मामले में मची अराजकता से ऊब चुके थे। सरकार के प्रति जनता के गुस्से और ऊब का नतीजा यह निकला कि यह चुनाव करीब-करीब एकतरफा ही रहा। कुल मिलाकर मतदान भी काफी कम हुआ और सिर्फ 48.99 फीसद लोगों ने ही वोट डाले। इस चुनाव में दिल्ली में कुल 4851199 मतदाता थे। 70 सीटों पर कुल 815 उम्मीदवार मैदान में उतरे थे जिनमें से 669 की जमानत जब्त हो गई थी।

दिल्ली के जिन लोगों ने महज नौ महीने पहले हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा को 7 में से 6 सीटों पर जिताया था, उन्हीं लोगों ने नौ महीने बाद हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को धूल चटा दी। उसे अनसोची शर्मनाक हार का सामना करना पडा। कांग्रेस ने 70 में से 52 सीटें जीत कर जोरदार जीत दर्ज की। जो शीला दीक्षित छह महीने पहले पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के उपचुनाव में भाजपा के लाल बिहारी तिवारी से हार गई थीं, उन्हें भी नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीतने में कोई खास परेशानी नहीं हुई। भाजपा महज 15 सीटों पर सिमट गई। एक सीट जनता दल को मिली और दो सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवार जीते।

भाजपा की ओर से जीतने वाले उम्मीदवारों में मुख्यमंत्री स्वराज भी थीं जो हौजखास विधानसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतरी थीं। दिल्ली में भाजपा के हारने के बाद उन्हें तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने फिर से अपनी सरकार में मंत्री बना दिया था, लिहाजा उन्होंने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उनके इस्तीफे से हुए उपचुनाव में कांग्रेस की किरण वालिया ने जीत दर्ज की, जिससे विधानसभा में भाजपा की एक सीट और कम हो गई और कांग्रेस की 53 सीटें हो गईं।

चुनाव नतीजे आने के बाद शीला दीक्षित की अगुवाई में कांग्रेस की सरकार बनी। कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद के कई दावेदार थे और वे शीला दीक्षित को दिल्ली के बाहरी मानते थे। ऐसे सभी दावेदारों का खिन्न होना स्वाभाविक था। लेकिन आखिरकार सबके सामने कांग्रेस आलाकमान का फैसला स्वीकार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

सबसे यह ही कह रहा, पूरा हिंदुस्तान



सबसे यह ही कह रहा, पूरा हिंदुस्तान। करो नहीं कोई कभी ,सेना का अपमान। सेना का अपमान, करे केवल वह बंदा। जिसको लगता हुआ, सियासी धंधा मंदा। एक यही अरदास, हमारी होती रब से। सेना को सम्मान, मिले भारत में सबसे।। **डॉ बिपिन पाण्डेय**

जाने कितने गुलाब टूट कर राहों



जाने कितने गुलाब..टूट कर राहों में बिछने लगे.. जिंदगी के कुछ ख्वाब.. शायद फिर से मुस्कुराने लगे... इक वक्त महकता है यादों संग.. वफा लिए हम भी महकने लगे... दूर होते कुछ खास रिश्तें यहां.. एहसासों के साथ हम भी बहकने लगे...!! **नंदिता तनुजा**

खास पाती | रात भर जलते चराग़ों की निगहबानी

रात भर जलते चराग़ों की निगहबानी का कोई तो सोचे हवाओं से परेशानी का जिसने ताबिश को रखा वास्ते निगरानी के हाल पूछे वो कभी आ के ज़रा पानी का आबले पाँव के नासूर हुए जाते हैं तुझ तलक चाहिए अब रास्ता आसानी का वो कभी रेत से गुज़रे तो ख़याल आए उसे मेरे सहरा में पसरती हुई वीरानी का अब तो बस खुद में खुदा की है तलाशी बाक़ी वो ही समझेगा ये लिक्खा मेरी पेशानी का लिख दिया किसने कहानी में उसे शब का सनम चाँद होना था जहाँ चाँद की दीवानी का एक ऊला है ख़यालों के फ़लक पर कब से कोई मिलता ही नहीं मिसरा 'सुमन ' सानी का। **चित्रा भारद्वाज 'सुमन '**

सूरज की परिक्रमा करती धरती



सूरज की परिक्रमा करती धरती सदा- धूप गर्मी बरसात की ठोकरों से तड़प कर टूटती भूचाल सी, यदा-कदा!! भीतर का लावा फूटता ऊंचाइयों से बहता कभी धारा बन कभी आग बन भिगोता तन-मन तृप्त करता जीवन!! बिछी धरती सम्मोहित करती रही तेजस्वी सूरज को अनंत काल से अभागिन- न पा सकी-छाया अधिकार मिला तो केवल परिक्रमा का !!! **सुलोचना खुराना**

ठूंठ से ही निकलती कोपलें हैं जिंदादिल

ठूंठ से ही निकलती कोपलें हैं जिंदादिल वे सब, जिनमें हौसले हैं। काटते काटते जब थकने लगे वे सुस्ता रहे हमारे ही छाँव के तले हैं हमारी मुस्कुराहट सदा देखके समस्या कहती अरे ये तो पगले हैं चलो कंकर कांटें चुन लें राह के नन्हें नन्हें बच्चों के पाँव बढ़ चले हैं सूरज सच्चा साथी होगा उनका जो अलसुबह जागते सबसे पहले हैं। **परामेश्वर वैष्णव**

माँ भोर में उठती है कि माँ

माँ भोर में उठती है कि माँ के उठने से भोर होती है ये हम कभी नहीं जान पाए हम लगातार सोते हैं माँ के हिस्से की आधी नींद माँ लगातार जागती है हमारे हिस्से की आधी रात जब हम खोलते हैं अपनी पलकें माँ का चेहरा सामने होता है कि माँ सुबह का सूरज होती है चोंच में दाना लिए गौरैया होती है! **पुष्पा त्रिपाठी**

रौंप आई हूँ आज इश्क के पौधे



रौंप आई हूँ आज इश्क के पौधे को दिल की जमीन पर,,, खुश हूँ बहुत पर बेखबर हूँ इस बात से कि सीखना होगा अब मुझे जड़ो मे नमी रखकर रंगबिरंगे फूलों सा खिलखिलाना। **मीता खुराना**

ख्वाब मे दिन पुराने सुहाने लगे

ख्वाब मे दिन पुराने सुहाने लगे। आज फिर से हमे वो सताने लगे। बैठ के बस उन्हे सोचता ही रहा। जख्म जो थे पुराने दुखाने लगे। सोचते सोचते साँझ ढलने लगी। आहटों से लगा पास आने लगे। मै गया माँग ने देव के द्वार पर। वो हमें देख के मुस्कुराने लगे। रंग लाई दुआ दिल मचलने लगा। फिर अजय को दिलों से लगाने लगे। **कवि अजय मिश्रा**

प्रेम में पग बढ़ाने से पहले एक



प्रेम में पग बढ़ाने से पहले एक बात पल्ले में गाँठ बांध लेना कि इस धरती पर प्रेम का मिलना उतना ही मुश्किल है जितना प्रेमियों के द्वारा चाँद तारे तोड़ कर ले आना प्रेमी जोड़ों और ज़मीन आसमान का मिलन भी सिर्फ़ दिखता है होता नहीं।

डॉ. फतह सिंह भाट्टी

लघु कथा- पाठशाला

पाठशाला का वार्षिकोत्सव था। मैं भी वहाँ बुलाया गया था। वहाँ के प्रधान अध्यापक का एकमात्र पुत्र, जिसकी अवस्था आठ वर्ष की थी, बड़े लाड़ से नुमाइश में मिस्टर हादी के कोल्हू की तरह दिखाया जा रहा था। उसका मुँह पीला था, आँखें सफ़ेद थीं, दृष्टि भूमि से उठती नहीं थी। प्रश्न पूछे जा रहे थे। उनका वह उत्तर दे रहा था। धर्म के दस लक्षण सुना गया, नौ रसों के उदाहरण दे गया। पानी के चार डिग्री के नीचे शीतलता में फैल जाने के कारण और उससे मछलियों की प्राणरक्षा को समझा गया, चंद्रग्रहण का वैज्ञानिक समाधान दे गया, अभाव को पदार्थ मानने, न मानने का शास्त्रार्थ कर गया और इंग्लैंड के राजा आठवें हेनरी की स्त्रियों के नाम और पेशवाओं का कुर्सीनामा सुना गया। यह पूछा गया कि तू क्या करेगा? बालक ने सिखा सिखाया उत्तर दिया कि मैं यावज्जन्म लोकसेवा करूँगा। सभा 'वाह वाह' करती सुन रही थी, पिता का हृदय उल्लास से भर रहा था। एक वृद्ध महाशय ने उसके सिर पर हाथ फेरकर आशीर्वाद दिया और कहा कि जो तू ईनाम मांगे, वही दें। बालक कुछ सोचने लगा। पिता और अध्यापक इस चिंता में लगे कि देखें, यह पढ़ाई का पुतला कौनसी पुस्तक मांगता है। बालक के मुख पर विलक्षण रंगों का परिवर्तन हो रहा था, हृदय में कृत्रिम और स्वाभाविक भावों की लड़ाई की झलक आँखों में दीख रही थी। कुछ खाँसकर, गला साफकर नकली परदे के हट जाने से स्वयं विस्मित होकर बालक ने धीरे से कहा, ''लड्डू।''

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत और विश्व इतिहास में 08 फरवरी की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैंः- 1785 - 1774 से 1785 तक गर्वनर जनरल रहे वारेन हेस्टिंग्स ने भारत छोड़ा। 1872 - भारत के वायसराय रहे लार्ड मेयो की अंडमान द्वीप में शेर अली नामक एक कैदी ने हत्या कर दी। 1897 - भारत के तीसरे राष्ट्रपति जाकिर हुसैन का आंध्र प्रदेश के हैदराबाद में जन्म। 1905 - हैती और उसके आस पास के द्वीप समूहों पर आये जबरदस्त चक्रवाती तूफान से दस हजार लोगों की मौत। 1909 - यूरोपीय देश फ्रांस और जर्मनी के बीच मोरक्को संधि पर हस्ताक्षर किये गये। 1943 - स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जर्मनी के केल से एक नौका के जरिये जापान के लिये रवाना हुये।

आयुष्मान और राशन कार्ड से हो रहा इलाज, नहीं काम आ रहे स्मार्ट कार्ड

■ **प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना में जारी किए गए थे स्मार्ट कार्ड**

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के नाम से जारी स्मार्ट कार्ड अब सरकारी व अधिकृत अस्पतालों में नहीं चल रहे हैं।

मरीजों को डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है। इसके लिए हितग्राही परिवार के सदस्यों को राशन कार्ड के साथ पहचान पत्र दिखाना पड़ रहा है। जहां इलाज के लिए नया ई-कार्ड जारी किया जा रहा है। पंजीकृत निजी अस्पतालों के लिए टीपीए असिस्टेंट नियुक्त किया गया है। आयुष्मान भारत ई-कार्ड भी स्वीकार किए जा रहे हैं। नई योजना से जहां ऐसे परिवारों को राहत मिली है, जिनके पास राशन कार्ड तो है, लेकिन जनगणना सूची व डाटा में नाम नहीं होने से मुफ्त इलाज के लिए भटकना पड़ता था। वहीं स्मार्ट कार्ड से मुफ्त इलाज की सुविधा बंद होने की जानकारी जिन लोगों को नहीं है उन्हें अब भटकना पड़ रहा है। हालांकि मोबाइल से वाट्सअप के

जरिए राशन कार्ड की फोटो मंगाने पर अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा जरूर उपलब्ध कराई जा रही है। नई योजना में अंत्योदय, प्राथमिकता राशन कार्डधारी परिवारों समेत एसईसीसी-2011 के माध्यम से चयनित परिवारों को 5 लाख व सामान्य राशन कार्ड वाले परिवारों को 50 हजार रुपए तक के मुफ्त इलाज की जा रही है। जिले में अंत्योदय व प्राथमिकता राशन कार्ड वाले लगभग 2 लाख परिवार है। वहीं सामान्य कार्डधारी परिवार की संख्या लगभग 50 हजार है।

नया राशन कार्ड बनने पर भी मिलेगी इलाज की सुविधा: सीएमएचओ डॉ. प्रमोद महाजन ने बताया कि डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत सभी राशन कार्डधारी परिवार के सदस्यों का मुफ्त इलाज सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अलावा अब तक जिनका राशन कार्ड नहीं बना है उनका नया राशन कार्ड बनते ही स्वतः वे योजना के हितग्राही के दायरे में आ जाएंगे और उन्हें भी मुफ्त चिकित्सा सुविधा मिलेगी। मरीजों को परेशानी न हो इसलिए अस्पतालों में हेल्प सेंटर बनाया गया है।

राशन कार्ड के साथ पहचान पत्र जरूरी: स्वास्थ्य योजना के कंसलटेंट अधिकारी शिव राठौर ने बताया कि राशन कार्डधारी सभी परिवारों को सरकारी व पंजीकृत अस्पतालों में निर्धारित सीमा तक मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। राशन कार्ड के साथ एक पहचान पत्र जैसे मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड, जन्म प्रमाण-पत्र, विवाह प्रमाण-पत्र लाना जरूरी होगा। जिससे राशन कार्ड में शामिल सदस्य की सही पहचान और मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध हो।

दांत के इलाज के बाद डिलीवरी की सुविधा भी बंद कर दी

करीब 3 माह पहले ही स्वास्थ्य योजना के तहत निजी डेंटल सेंटर में मिल रहे दांत के इलाज की सुविधा बंद कर दी गई थी। जो दोबारा शुरू नहीं की गई है। वहीं नार्मल डिलीवरी समेत 114 तरह के बीमारी के निजी अस्पतालों में इलाज की सुविधा भी छीन ली गई है। इस कारण डिलीवरी कराने के लिए सरकारी अस्पतालों में आना पड़ रहा है। इमरजेंसी केस होने पर ही पंजीकृत निजी अस्पतालों में डिलीवरी केस लिए जा रहे हैं।

इन अस्पतालों में हो रहा है कार्ड धारकों का इलाज

जिला अस्पताल के अलावा सभी सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के साथ ही शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सरकारी इलाज हो रहा है। इसके अलावा निजी अस्पतालों में श्रीराम केयर हॉस्पिटल, मूदड़ा अस्पताल, बालाजी ट्रामा सेंटर, नरायणी हॉस्पिटल, कृष्णा हॉस्पिटल, सृष्टि हॉस्पिटल, आरोग्य हॉस्पिटल, सहित पंजीकृत निजी नर्सिंग होम में इलाज किया जा रहा है।

■ न्यूज गैलरी

नाबालिग के साथ अश्लील हरकत करने वाला ऑटो चालक गिरफ्तार

बिलासपुर । पहचान का फायदा उठाकर 13 वर्षीय नाबालिग को ऑटो में घुमाने ले जाकर उसके साथ गलत हरकत करने वाले ऑटो चालक को तारबाहर पुलिस ने शिकायत के एक घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार तारबाहर क्षेत्र की रहने वाली नाबालिग को पड़ोस में ही रहने वाला युवक ऑटो चालक इकराम बुरी नियत रखता था, जिसके हौसले इतने बढ़ गए कि उसने किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की नीयत से नाबालिग को ऑटो में घुमाने के बहाने क्रांति नगर गार्डन में ले जाकर अश्लील हरकत करने लगा, जब नाबालिग ने इसका विरोध किया तो वह अपनी मनमानी में उतर गया, घटना के बाद घर पहुँचकर नाबालिग ने अपने परिजनों को इसकी जानकारी दी जिसके बाद अपने भाई के साथ थाने पहुँचकर इस घटना की शिकायत की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए तारबाहर पुलिस आरोपी ऑटो चालक को एक घंटे में ही गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ धारा 354 और पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई

उप सरपंचों का निर्वाचन 24 को

बिलासपुर । जिले के 7 जनपद पंचायत क्षेत्रों के ग्राम पंचायतों में 24 फरवरी 2020 को उप सरपंच का निर्वाचन सम्पन्न कराया जायेगा। निर्वाचन की कार्यवाही निर्विवाद और भलीभांति सम्पन्न कराने के लिये पीठासीन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। जनपद पंचायत मरवाही के पीठासीन अधिकारियों का प्रशिक्षण 15 फरवरी को दोपहर 12 बजे से सद्भावना भवन मरवाही में आयोजित किया गया है। इसी तरह जनपद पंचायत पेण्ड्रा के पीठासीन अधिकारियों का प्रशिक्षण 17 फरवरी को प्रातः 11 बजे से जनपद पंचायत सभाकक्ष पेण्ड्रा में एवं जनपद पंचायत गौरेला के पीठासीन अधिकारियों का प्रशिक्षण 17 फरवरी को दोपहर 2 बजे से जनपद पंचायत सभाकक्ष गौरेला में होगा।

कोनी में प्लेसमेंट कैम्प 10 को

बिलासपुर । मॉडल करियर सेंटर जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बिलासपुर द्वारा 10 फरवरी 2020 को प्रातः 10 बजे से सायं 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। जिसमें ओमड्राई मर्चेंडिस्क एंड कंसलटेंट रायपुर कंपनी द्वारा सेक्युरिटी गार्ड एवं फिल्ड एक्जीक्यूटिव के कुल 92 पदों के लिये भर्ती संबंधी कार्यवाही की जाएगी। ऐसे रोजगार के इच्छुक आवेदक जिन्होंने 8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक उत्तीर्ण हैं, इस कैंप में भाग ले सकते हैं। योग्य उम्मीदवार अपने दो पासपोर्ट साईज फोटो एवं समस्त शैक्षणिक योग्यता संबंधी अंकसूची, प्रमाण-पत्र की मूलप्रति व छायाप्रति के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

आत्मा योजना के तहत रिक्त पदों की भर्ती निरस्त

बिलासपुर । एक्सटेंशन रिफार्म्स आत्मा योजनांतर्गत रिक्त संविदा पदों हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। जारी विज्ञापन जो कि एनआईसी बिलासपुर के वेबसाईट पर 08.08.2017 को प्रकाशित किया गया था एवं जिसके तहत प्राप्त आवेदन अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया गया है।

कृषि मास मीडिया की बैठक सम्पन्न

बिलासपुर । कृषि मास मीडिया समिति की बैठक 20 जनवरी 2020 को संभागीय संयुक्त संचालक कृषि बिलासपुर कार्यालय में सम्पन्न हुआ। इस बैठक में माह फरवरी 2020 में आकाशवाणी केन्द्र बिलासपुर के माध्यम से किसानवाणी कार्यक्रम के अंतर्गत प्रसारण होने वाले विषय एवं वार्ताकार तय किया गया है।

रूट ब्लाक के कारण बिलासपुर-भोपाल पैसेंजर कटनी तक चलेगी

बिलासपुर । पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर मंडल के करहीया भैदेली-बनदकपुर सेक्शन में समपार फाटक पर सीमित ऊंचाई के सबवे निर्माण कार्य एवं कटनी-बीना सेक्शन के सलाईया स्टेशन में फुटओवर ब्रिज में गर्डर लांचिंग कार्य हेतु ब्लाक लिया गया है। इसके फलस्वरूप 9 एवं 12 फरवरी को बिलासपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18236 बिलासपुर-भोपाल पैसेंजर सह एक्सप्रेस कटनी मुरवारा स्टेशन में समाप्त होगी तथा दिनांक 10 एवं 13 फरवरी 2020 को भोपाल से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18235 भोपाल-बिलासपुर पैसेंजर सह एक्सप्रेस कटनी मुरवारा स्टेशन से बिलासपुर के लिये रवाना होगी।

मानसिक चिकित्सालय में मरीजों की संख्या बढ़ी, कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं हुई

■ **गिनती के कर्मचारी हैं , परन्तु अधिकारी उनसे भी घरेलू काम करा रहे हैं**

बिलासपुर । वर्ष 2013 में शासन द्वारा राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी में स्थापित करते हुए 100 बिस्तरों का अस्पताल संचालन किया गया जिसके लिए मनोरोग विशेषज्ञ सहित आवश्यक अन्य पदों की स्वीकृति प्रदान की गई उक्त स्वीकृत पदों में से तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के पदों में संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं बिलासपुर को नियुक्ति का अधिकार दिया गया था 100 बिस्तर अस्पताल के लिए आवश्यकता से कम पदों का सृजन किया गया था पुनः 2018 में शासन द्वारा 100 बिस्तर और स्वीकृत करते हुए 200 बिस्तर का चिकित्सालय घोषित किया गया लेकिन 200 बिस्तर के हिसाब से पद स्वीकृत नहीं किया गया इन वर्षों में शासन ने जो पद स्वीकृत किया विशेषकर जिन्हें मानसिक रोगियों का इलाज करना था और उन पदों पर शासन स्तर से नियुक्तियां की जानी थी 6 वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक इन पदों पर नियुक्ति प्रदान नहीं की गई।

विशेषज्ञ प्रथम श्रेणी मनोरोग विशेषज्ञ ,पैरामेडिकल विशेषज्ञ 11पद, पैथोलॉजी विशेषज्ञ 2 पद, क्लिनिकल इकोलॉजिस्ट 12पद , क्लीनिकल बायोकेमिस्ट 2पद , काउंसलर (मनोरोग) 2पद नर्सिंग अधीक्षक 1पद वहीं दूसरी तरफ जिनकी नियुक्ति संभागी संचालक द्वारा की जानी थी उनमें से।साइकाइट्रिक सोशल वर्कर 5 पद , साइकेट्रिक नर्स 32 पड़ , स्टॉफ नर्स 3 पद, लैब असिस्टेंट 1पद 6भृत्य 5 पद, ओटी अटेंडेंट 2पद , वार्ड बॉय 11पद, वार्ड आया 9 पद रिक्त पड़े हैं जिनकी नियुक्ति आज तक नहीं की गई । वर्तमान में प्रतिदिन आंतरिक भर्ती मरीजों की संख्या 180-90 रहता है ओपीडी में सौ से अधिक मरीज उपचार के लिए आते हैं इन मरीजों के उपचार एवं देखरेख की जिम्मेदारी पांच साइकेट्रिक सोशल वर्कर चार साइकेट्रिक नर्स 9 स्टाफनर्स 19 वार्ड बॉय एवं 7 वार्ड आया कि रहती है जो 6 वार्डों में भर्ती मरीजों के उपचार में लगे रहते हैं । इन कर्मचारियों की तीन पाली में ड्यूटी लगाई जाती है इतने कम कर्मचारियों से भर्ती मरीजों सहित ओपीडी मरीजों के उपचार एवं देखरेख किस तरह से हो रहा होगा यह सोचनीय विषय है वैसे भी चिकित्सालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पहले से कमी है इनमें से 3 कर्मचारियों की ड्यूटी अधिकारी अपने घरों में ले रहे हैंएक वार्ड बॉय से वर्ष 2013 से संभागीय संयुक्त संचालक नियम विरुद्ध अपने घर में कार्य ले रहे है । एक वार्ड बॉय एवं एक चौकीदार को चिकित्सा अधीक्षक वर्ष 2016 से अपने घर में चाकरी करा रहे हैं, शेष बचे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी चिकित्सालय में कार्यरत हैं जो मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहे हैं चिकित्सालय प्रशासन उनके मौलिक अधिकारों का हनन भी कर रहा है चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियमित सेवा में 6 वर्ष पूर्ण हो चुका है उन कर्मचारियों की आज तक वरिष्ठता सूची नहीं बनाया गया पदोन्नति की पात्रता पूर्ण कर चुके इन कर्मचारियों को पदोन्नति से वंचित रखा गया है ।

दुकान का छत काट कर मोबाइल नगद रकम सहित किया लाखों का माल पार



बिलासपुर । कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले तेलीपारा मेन रोड स्थित आर एस मोबाइल कैम्पस दुकान को बीती रात अज्ञात चोरों ने अपना निशाना बनाते हुए लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया है। दुकान संचालक अनिल अगिजा बीती रात दुकान बंद कर सिंधी कालोनी अपने घर चले गए, आज सुबह जब वह अपने दुकान पहुँचे तो उनके होश उड़ गए।

दुकान के अंदर सामान बिखरे पड़े थे, वही कीमती मोबाइल और काउंटर में रखे नगदी गायब थे, जिससे उन्हें यह समझते देर नही लगी कि यहाँ चोरी हुई है, इसकी सूचना उन्होंने सिटी कोतवाली पुलिस को दी, जिन्होंने मौके पर पहुँचकर अपनी जांच पड़ताल शुरू कर दी। प्रार्थी के अनुसार कीमती मोबाइल और नगद सहित लगभग 2 लाख से अधिक की चोरी हुई है, जिसका सही अनुमान लगाया जा रहा है। चोरो ने दुकान में छत का इस्तेमाल किया है, उन्होंने दुकान की गैलरी से अंदर घुसकर इस घटना को अंजाम दिया है, जिन्होंने अंदर घुसते ही सीसीटीवी कैमरों को नुकसान पहुँचाया ताकि उनकी फुटेज न मिले, फ़िलहाल कोतवाली पुलिस मामले की विवेचना में जुट गई है।

कोर्ट परिसर से पुलिस को चकमा देकर फरार हुए कैदी को ससुराल में दबोचा

बिलासपुर । सिविल लाइन पुलिस ने कोर्ट परिसर से फरार हुए हत्या के आरोपी को 12 घंटे के भीतर ही उसे ससुराल बहतराई से गिरफ्तार कर लिया है। मुखबिर की सूचना पर बिलासपुर के बहतराई उसके साले के मकान से गिरफ्तार किया है। पुलिस छुन्नू के ससुराल में शुबह 4 बजे से डेरा डाल कर बैठी रही, आरोपी के पहुचते ही सिविल लाइन थाना आरक्षक गोविंद शर्मा, विवेक राय, जय साहू ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

ज्ञात हो कि मस्तूरी चुनाव के दौरान एक व्यक्ति की हत्या कर शव जलाने के मामले में गिरफ्तार हुआ था आरोपी को सेशन कोर्ट में पेश करने के दौरान कैदी फरार हो गया। पुलिस उसे सेंट्रल जेल से हत्या के आरोप में पेशी के लिए लेकर आई थी। इसी दौरान आरोपी रामेश्वर उर्फ छुन्नू सूर्यवंशी लिफ्ट में जा घुसा और नीचे उतर गया। यह देख एक सिपाही सीढ़ियों से उसके पीछे भागा, लेकिन तब तक रामेश्वर फरार हो चुका था। मस्तूरी चुनाव के दौरान गोपियापारा निवासी गुनाराम कालरे की हत्या कर शव जलाने के मामले में पुलिस ने आरोपी रामेश्वर और मुकेश कुर्रे को गिरफ्तार किया था। दरअसल, केंद्रीय जेल से 70 मुलजिमों को लेकर पुलिस कल सुबह 11:15 बजे पेशी के लिए कोर्ट पहुंची थी। पेशी के दौरान परमेश्वर और बोधन यादव को लेकर हेड कांस्टेबल रेवाराम व कांस्टेबल रज्जू भास्कर जस्टिस किरण कुमार जांगड़े की कोर्ट में शाम 4.15 बजे ले गए थे। पेशी के बाद 4.25 बजे लौट रहे थे। तभी कोर्ट से नीचे लाते समय परमेश्वर लिफ्ट में दाखिल होकर नीचे उतर गया। इस पर कांस्टेबल रज्जू भास्कर ने सीढ़ियों से नीचे उतरकर आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया पर वह फरार हो गया। आरोपी दो बार और भाग चुका है । आरोपी शौच जाने का बहाना बनाकर तालाब में कूदकर डुबकी लगा दी थी और पुलिस को चकमा देकर भाग निकला था।

राहगीरों को लूटने वाला नाबालिग गिरोह पकड़ाया

बिलासपुर । राहगीरों से लूटपाट करने वाले आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे, बीती रात दूध बेचकर लौट रहे व्यवसायी को बनाया था शिकार शिकायत के बाद पुलिस ने कार्रवाई

मस्तूरी सड़क मार्ग पर रात में राहगीरों से लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक मुख्य आरोपी सहित तीन नाबालिगों को मस्तूरी पुलिस ने पकड़ने में सफलता पाई है, दरअसल थाना क्षेत्र के ग्राम लिमतरा निवासी सुनील यादव के साथ बीती रात अज्ञात लुटेरों ने बाइक अड़ा कर प्रार्थी के आंखों में मिर्च पाउडर डालकर नगदी और मोबाइल फोन की लूट की थी, मामले में प्रार्थी ने थाने में शिकायत दर्ज थी कि वह 10 बजे रात को बिलासपुर से दूध बेचकर वापस अपने घर लिमतरा लौट रहा था, तभी दर्रीघाट और लिमतरा के बीच अज्ञात चार लुटेरों ने उन पर हमला किया और नगद 2500 रुपए सहित मोबाईल फोन को लूट लिया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी फैजुल शाह ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी को लेकर टीम को अलग अलग जगह रवाना किया, जिनके हाथ दर्रीघाट निवासी धनराज पात्रे उर्फ रेम्बो लगा जिससे पूछताछ में उसने अपने तीन नाबालिग साथियों के साथ घटना को अंजाम देने की बात कबूल किए, जिनसे पुलिस ने नगदी 2500 और मोबाईल फोन को बरामद किया है, पुलिस आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 394, 34 के तहत आगे की कार्रवाई कर रही है।

जिला पंचायत बिलासपुर के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन 14 को

बिलासपुर । पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 25 के अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2020 के अंतर्गत निर्वाचित जिला पंचायत बिलासपुर के सदस्यों में से अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन हेतु 14 फरवरी 2020 को जिला पंचायत बिलासपुर में सम्मिलन आयोजित किया गया है। कलेक्टर डॉ.संजय अलंग द्वारा जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन हेतु आयोजित सम्मिलन के लिये पीठासीन एवं सहायक पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। बी.सी.साहू अपर कलेक्टर पीठासीन अधिकारी एवं श्रीमती अंशिका पाण्डेय डिप्टी कलेक्टर बिलासपुर को सहायक पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है।

विद्यार्थी चयन के लिये आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति उत्कर्ष विद्यार्थी योजना

लिखित परीक्षा 7 मार्च को

बिलासपुर । आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति उत्कर्ष विद्यार्थी योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के ग्रामीण प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को वर्ष 2020-21 में राज्य के उत्कृष्ट निजी विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु 7 मार्च 2020 को समय दोपहर 12 से 2 बजे तक लिखित परीक्षा आयोजित की गई है।

छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के स्थाई जाति प्रमाण-पत्र धारक ऐसे प्रतिभावान छात्र-छात्राएं जो छत्तीसगढ़ में संचालित किसी मान्यता प्राप्त शाला में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत हो तथा जिन्होंने कक्षा 4थी की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त किया हो एवं जिनके पालक की समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय 2.50 लाख रूपये (दो लाख पचास हजार) से अधिक न हो तथा जो ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, नगर पंचायत के क्षेत्र के विद्यालयों में अध्ययनरत हो, ऐसे विद्यार्थी ही इस योजनांतर्गत आवेदन कर सकेंगे। प्रवेश हेतु जिला स्तर, विकासखंड स्तर पर निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में लिखित परीक्षा 7 मार्च 2020 को दोपहर 12 से 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं नियमावली की जानकारी संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की टास्कफोर्स समिति की बैठक आयोजित

■ **267 प्रकरणों का अनुमोदन किया गया**

बिलासपुर । मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आज कलेक्टर डॉ.संजय अलंग की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें 267 प्रकरण विभिन्न बैंकों में भेजे जाने हेतु अनुमोदित किया गया।

जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के 475 प्रकरणों को जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसमें 35 अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के प्रकरणों को इन वर्गों के लिये निर्धारित लक्ष्य की प्राथमिकता से पूर्ति हेतु विभिन्न बैंकों को अग्रेषित करने के लिये अनुमोदन किया गया एवं शेष प्रकरणों को आगामी सत्र हेतु लंबित रखा गया।

चार्ज लेते ही आईजी ने ली सीएसपी और टीआई की बैठक

बिलासपुर । नवपदस्थ पुलिस महानिरीक्षक दीपांशु काबरा द्वारा पुलिस अधीक्षक बिलासपुर प्रशांत अग्रवाल सहित जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारियों बिलासागुड़ी सभागार में बैठक ली।

संभागीय पुलिस कमिश्नर दीपांशु काबरा ने पदभार संम्भालेते ही आज राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना चौकी प्रभारियों से पुलिसिंग व्यवस्थाओं पर चर्चा करने एवं उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करने बैठक ली , ज्ञात हो बिलासपुर रेंज के महानिरीक्षक के रूप में यह उनका दूसरा कार्यकाल होने के फलस्वरूप पूर्व के अभियानों, कार्यों , लोगों, अपराधों व इलाके के समस्त पुलिस से संबंधित सकारात्मक नकारात्मक पहलुओं भलीभांति परिचित हैं। पुलिस महानिरीक्षक के आगमन से पूर्व पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा भी पुलिसिंग में कसावट लाने के उद्देश्य आधारभूत बेहतर पुलिसिंग हेतु भी

निर्देशित करते हुए समीक्षा मीटिंग ली गई जिसमें सभी राजपत्रित व थाना प्रभारियों को इस संबंध में विभिन्न मुद्दों से अवगत कराया गया।

इसके पश्चात पुलिस महानिरीक्षक द्वारा शासन की कानून व्यवस्था को लेकर मंशा एवं पुलिस महानिदेशक द्वारा इस संबंध में दिए गए निर्देशों तथा प्राथमिकताओं से रूबरू कराया गया। इसके अलावा बेसिक पुलिसिंग को मजबूती से कार्य करते हुए कंप्यूटर, साइबर ,टेक्नोफ्रेंडली सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक से अधिक आम जनता,फरियादीयों तक पुलिस की पहुँच स्थापित करने बताया गया

पुलिस महानिरीक्षक द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग व महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा संबंधी निर्देश भी दिए गए इसके अतिरिक्त संवेदनशील पुलिसिंग के साथ साथ गुंडागर्दी करने वालों, जमीन माफिया, ब्याज माफिया सूदखोरों पर सख्ती से कार्यवाही करने के लिए स्पष्ट निर्देश दिये गए।

चार दिनों से मौसम खराब, फिर भी केंद्रों में नहीं किया गया जतन

सीएम के निर्देशों के बाद भी खुले में छोड़ा धान, बारिश के कारण खरीदी प्रभावित, धान भीगा, रायपुर समेत प्रदेश के धान खरीदी केंद्र तरबतर

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ में मौसम में हुए बदलाव के बाद गुरुवार रात प्रदेश के कई जिलों में मूसलाधार बारिश हुई है। बारिश के बाद शहरों और ग्रामीण अंचलों में जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वहीं, दूसरी ओर बारिश के चलते धान खरीदी केंद्रों में धान की खरीदी रूक गई है। बताया जा रहा है कि बारिश के बाद धान खरीदी केंद्रों में जलभराव की स्थिति बन गई है, जिसके चलते किसान अपना धान नहीं बेच पा रहे हैं। राजधानी रायपुर सहित आस-पास के इलाके के धान खरीदी केंद्रों में आज धान की खरीदी बंद है। बारिश के बाद धान खरीदी केंद्रों में जल भराव की स्थिति बनी हुई है। वहं, कुछ जगहों में जमीन गिली होने के चलते भी किसानों को धान बेचने में दिक्कत आ रही है। सहकारी समितियों की लापरवाही- सरकार ने धान खरीदी केंद्रों को खरीदी शुरू होने से पहले ही सुरक्षा और बारिश से धान को बचाने के लिए पुख्ता इंतेजाम करने के निर्देश दिए थे, लेकिन उनकी पोल एक ही बारिश में खुल गई है। अब सहकारी समितियों की लापरवाही का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। सीएम भूपेश बघेल ने दिए निर्देश - हालांकि सीएम भूपेश बघेल ने धान खरीदी केंद्रों के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जो किसान बारिश के चलते अपना धान नहीं बेच पाए हैं, उन्हें फिर से टोकन जारी करें। गौर करने वाली बात यह है कि सरकार किसानों के धान की खरीदी 15 फरवरी तक करेगी और ऐसे हालात में किसानों का पूरा धान कम समय में खरीद पाना मुश्किल होगा। सरकार ने

अभी तक इस बात को स्पष्ट नहीं किया है कि धान खरीदी की तारीख आगे बढ़ाई जाएगी या नहीं।

विभाग ने 5 से 8 तक दी थी मौसम की चेतावनी: छत्तीसगढ़ में राजनांदगांव, रायगढ़ और जगदलपुर जैसे स्थानों सहित छत्तीसगढ़ के दक्षिणी और मध्य भागों में अच्छी बारिश होगी। पूर्व के कई हिस्सों हल्की बारिश और ओलावृष्टि के साथ मध्यम वर्षा संभव है। विशेषज्ञों का कहना है कि मौसम के नए सिस्टमों का प्रभाव अगले 24 घंटों तक कायम रहेगा। इसके परिणामस्वरूप पूर्वी मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के कई जगहों पर अच्छी बारिश बारिश हो सकती है। इन राज्यों में कुछ स्थानों पर तेज़ बारिश के साथ ओले भी गिरने की संभावना है। पूर्वी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, विदर्भ, ओडिशा और दक्षिणी झारखंड में बारिश का क्रम जारी रहने की संभावना है।

कहां, क्यों और कितने का हुआ नुक्सान नहीं पता

मौसम का मिजाज बीते 4 दिनों से बिगड़ा हुआ है। ऐसे में कोहरा, ओस, बदली और बारिश का कहर बरपा हुआ। धान खरीदी केंद्रों में अब भी कई लाख टन धान खुले में पड़ा रहा। रखरखाव के अभाव में खरीदी तारीख को महज चंद रोज बाकि है ऐसे में बड़े किसान बल्क में धान लेकर केंद्र पहुंच रहे थे। परंतु बारिश की वजह से न तो खरीदे गए धान को और न ही बिकने आए धान को सुरक्षित रखने की कोई व्यवस्था की गई थी। बता दें कि पखवाड़ेभर पूर्व मौसम के पलटी मारने से सीएम श्री बघेल ने कहा था कि धान केंद्रों में तालपत्री व बिकने आए धान के अलावा खरीदे गए धान की सुरक्षा की जाए। लेकिन, जिम्मेदारों ने कोई ध्यान नहीं दिया। अब 5 दिनों से पड़ी मौसमी मार से नुक्सान कितना हुआ यह अंदाजा भी विभाग नहीं लगा पाया है।

लगता है मंत्री सिंहदेव और मंत्री भगत में सबकुछ ठीक नहीं

नवप्रदेश संवाददाता



रायपुर। स्वास्थ्य मंत्री और सरगुजा महाराज तिभुनेश्वर शरण सिंहदेव के सुझाव पर खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने जो बयान दिया है उसकी चर्चा सियासी हलकों में भी है। बता दें धान खरीदी और किसानों के लिए यह समय बढ़ाने वाला बयान टीएस सिंहदेव ने दो दिन पहले मीडिया के माध्यम से दिया था। उन्हों ने कहा था कि सरकार के चुनावी एजेंडा में है सभी किसानों का आखरी दाना धान भी खरीदा जाएगा। इसलिए श्री सिंहदेव ने सुझाव दिया था कि धान खरीदी की मियाद 15 फरवरी से बढ़ाई जानी चाहिए। बस फिर क्या था खाद्य मंत्री श्री भगत ने अपने ही अंदाज में तपाक से कह दिया उनकी भावना अच्छी है लेकिन उन्हें वस्तुस्थिति का ज्ञान नहीं है। एक वक्त था जब सरगुजा संभाग में अमरजीत भगत ही एकमात्र ऐसे कांग्रेस नेता माने जाते थे जो पैलेस की सियासत से इतर थे। चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस में जब भूपेश बघेल सीएम बनें तो भगत के मंत्री बनाने को लेकर सिंहदेव ज्यादा खुश नहीं थे। अमरजीत के ज्ञान नहीं है वाले बयान के बाद सिंहदेव का सिर्फ मुस्कुराकर नो कमेंट्स कह देना आगामी सियासी तूफान का संकेत देता नजर आ रहा है।

भगत के बयान पर सिंहदेव बोले... नो कमेंट्स!

रायपुर। सालाना रिपोर्ट कार्ड और आलाकमान से मुलाकात के लिए दिल्ली गए मंत्री सिंहदेव से जब भगत के बयान पर प्रतिक्रिया मांगी गई तो वे पहले मुस्कुराए फिर सोचकर अपने चीर-परिचित अंदाज में जवाब दिया...नो कमेंट्स। दरअसल प्रदेश में धान खरीदी चल रही है और उसकी समाप्ति पंद्रह फ़रवरी को होनी है, इस मियाद को बढ़ाए जाने की जरूरत मंत्री सिंहदेव ने जतलाई थी और कहा था। प्रदेश में धान ख़रीदी की मियाद बढ़नी चाहिए। किसान को असुविधा ना हो, इसका सरकार को ख्याल रखना होगा। ताकि मियाद बढ़े और किसानों की भी यही मांग है यह वक्तव्य सिंहेद ने दिया था। अब उन्हों ने जब भगत के ज्ञान वाले बयान पर कुछ भी कहने से बचते दिखे और प्रदेश के नंबर दो मंत्री कहे जाने वाले सिंहदेव का नो कमेंट्स कहना इक तरह से भविष्य में कई तरह के कमेंट्स देने वाला अंदाज कहें तो गलत नहीं होगा।

ना मैं उलझना चाहता हूं, न उलझाना-मंत्री अमरजीत

रायपुर। कटनी मैहर गए खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने फोन पर इस नो कमेंट्स वाले बयान और उनके पूर्व के बयान पर पूछा गया तो उन्हों ने बड़ी ही सफाई से इस विवाद को मीडिया का पैदा किया कह बचते नजर आए। मंत्री भगत ने कहा ना मैं उलझना चाहता हूं न ही उलझाना चाहता हूं, मीडिया ही बयानों को शब्दों में उलझाती है। उन्हों ने यह भी कहा हमारा लक्ष्य 85 लाख मीट्रिक टन है और 19 लाख किसानों से यह खरीदा जा चुका है। खरीदी की तारीख व लक्ष्य हम पूरा कर लेंगे। ऐसे में खरीद की मियाद बढ़ाना उचित नहीं। अगर जरुरत पड़ेगी भी तो कैबिनेट हो तो रही है, माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी का जो निर्णय होगा वह किया जाएगा। श्री भगत ने कहा पहले 15 फरवरी की तय तारीख की समय सीमा तो पूरी होने दीजिए।

अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का चौथा आयोजन 10 से

रायपुर। प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ फिल्म एवं विजुअल आर्ट सोसायटी रायपुर द्वारा अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का चौथा आयोजन 10 से 14 फरवरी के मध्य संस्कृति विभाग परिसर में आयोजित किया गया है। उक्त महोत्सव में देश के प्रसिद्ध निर्माता निर्देशकों में सुधीर मिश्रा, तिगमांशु धुलिया, प्रसिद्ध फिल्म कलाकार प्रेम चोपड़ा, यशपाल शर्मा, हंसल मेहता एवं पवनी पांडेय शिरकत करेंगे। सोसायटी में जनमंच रायपुर की प्रमुख भूमिका रहेगी।

औद्योगिक प्रगति और देश के विकास में कार्पोरेट जगत की हमेशा से रही है भागीदारी : डॉ. शिवकुमार डहरिया

- **नगरीय प्रशासन मंत्री इंडिया सी.एस.आर. 2020 सम्मेलन में हुए शामिल**

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। नगरीय प्रशासन और श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया राजधानी रायपुर के व्ही.आई.पी. रोड स्थित एक निजी हॉटल में आयोजित इंडिया सी.एस.आर. 2020 सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि औद्योगिक प्रगति, उद्योगों में काम करने वाले लोगों की प्रगति और प्रदेश एवं देश के विकास में कार्पोरेट जगत की हमेशा से ही भागीदारी रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के साथ-साथ उद्योग जगत से जुड़े लोगों को सी.एस.आर. मद से शिक्षा, स्वास्थ्य सहित नारी सशक्तीकरण और शिशु-मातृ मृत्यु दर के नियंत्रण में भी कार्य करने की जरुरत है।

डॉ. डहरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार उद्योंगो और उद्योग में काम करने वाले लोगों के साथ-साथ प्रदेश के समुचित विकास के लिए नई औद्योगिक नीति बनायी गई है। इस नई उद्योग नीति से जहां उद्योगों को राहत मिलेगी वहीं नये उद्योग स्थापित करने के लिए एक रास्ता भी खुलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बड़े उद्योगों के साथ-साथ छोटे उद्यमियों को भी किस तरह लाभ मिले इसे ध्यान में रखकर नई उद्योग नीति बनायी है। डॉ. डहरिया ने बताया कि उद्योग जगत को राहत देने के लिए प्रदेश सरकार लीज की जमीन को फ्री होल्ड (मालिकाना हक) देने की योजना बनायी है। उन्होंने कहा कि बड़े उद्योगों का भी उत्तरदायित्व होनी चाहिए कि छोटे उद्यमी भी आगे बढ़ सके। कार्यक्रम को नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर ने भी संबोधित किया। इस मौके पर रायपुर विधायक कुलदीप जुनेजा सहित इंडिया सी.एस.आर. के प्रतिनिधि रुनेश कुमार, कमल यादव, दयानंद अवस्थी सहित विभिन्न राज्यों के उद्योग जगत से जुड़े लोग उपस्थित थे।

बेवफा हुआ मौसम

रायपुर नवप्रदेश । बीते पांच दिनों से राजधानी रायपुर समेत प्रदेशभर में मौसम की मार लोगों को झेलनी पड़ रही है। घने कोहरे, काले बादल और बारिश की वजह से शीतलहर का कहर दिखने लगा है। इस वजह से ट्रेन,प्लेन और यातायात भी प्रभावित हुआ है

दपूमरे में स्पेशल टिकट चेकिंग अभियान के दौरान लगभग 5,83,840 का राजस्व प्राप्त हुआ

रायपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा समय-समय पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है । जिससे यात्रियों को टिकट लेने के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है, साथ ही यात्रियों को जागरूक किया जा रहा है कि वे उचित टिकट लेकर सही कोच में बैठे एवं अपनी सुखद यात्रा करें। टिकट चेकिंग अभियान में दिनांक 06 फरवरी, 2020 को चलाया गया जिसमें बिना टिकट यात्रा करने वाले लगभग 440 मामलों से 3,25,980 रूपये राजस्व प्राप्त हुआ, वही अनियमित टिकट के 476 मामलों से 2,17,600 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ, अन बुकड़ लगेज के 388 मामलों से 40,160 रूपये, वही गंदगी फैलाने के 01 मामले से 100 रूपये राजस्व प्राप्त हुआ, कुल 1305 मामलों से रायपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा 5,83,840 रूपये का राजस्व प्राप्त किया गया। , इस टिकट चेकिंग अभियान में 41 टीटीई, 01 मुख्य वाणिज्य निरीक्षक ,02 रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा 09 लोकल एवं लगभग 27 एक्सप्रेस ट्रेनों में जांच की गई ।

शिक्षा का अधिकार : ऑनलाईन पोर्टल से लिए जाएंगे आवेदन : प्रवेश की समय-सारणी जारी

- **सभी कलेक्टरों, संभागीय और जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश**

रायपुर। पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम अंतर्गत प्रदेश में संचालित निजी विद्यालयों में आरटीआई पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन की कार्यवाही की जाएगी। संचालक लोक शिक्षण द्वारा इस वर्ष प्रवेश के संबंध में प्रक्रिया हेतु समय-सारणी जारी करते हुए सभी जिला कलेक्टरों, संभागीय और जिला शिक्षा अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

संचालक लोक शिक्षण से जारी आदेश में कहा गया है कि पूर्व में कार्यालय द्वारा प्रवेश की प्रक्रिया और ऑनलाईन पद्धति के संबंध में विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में अधिनियम के प्रावधान नोडल अधिकारी की जानकारी, क्षेत्र का निर्धारण, मान्यता संबंधी कार्यवाही पूर्ण करना, आरक्षित सीटों का निर्धारण, प्रवेश एवं सूचना हेतु आवेदन प्राप्त करना, आवेदनों पत्रों की समीक्षा तथा प्रचार-प्रसार, आबंटन प्रक्रिया, रिक्त सीटों के अनारक्षण एवं शुल्क की प्रतिपूर्ति व प्रक्रिया के लिए समय-सारणी निर्धारित कर ली गई है।

राष्ट्रीय कृषि मेला : मछलीपालन की मिलेगी तकनीकी जानकारी : एरेटर और एक्केरियम हाउस का होगा प्रदर्शन

रायपुर। राष्ट्रीय कृषि मेला का आयोजन राजधानी रायपुर के तुलसी बाराडेरा स्थित फल सब्जी उपमंडी प्रांगण में 23 से 25 फरवरी 2020 तक किया जाएगा। इस मेले में मछलीपालन विभाग द्वारा तालाब में मछलीपालन की नवीन तकनीक का प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शनी स्थल पर मछली उत्पादन के लिए ऑक्सीजन प्रदान करने वाले यंत्र एरेटर और एक्केरियम हाउस का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले मत्स्य कृषकों को मछलीपालन की आधुनिक तकनीकों की जानकारी भी दी जाएगी। मछलीपालन विभाग के स्टॉल में मत्स्य कृषकों को ऋण अनुदान पर ऑटो, मोटरसायकिल तथा एरेटर भी वितरित किया जाएगा। एक्वेरियम हाउस में रंगीन मछलियां प्रदर्शित की जाएंगी। रंगीन मछलियों की प्रजाति फ्लावर हार्न और ज्वेल मुख्य आकर्षण रहेगा। मछलीपालन विभाग के स्टाल में रंगीन मछलियों सहित फिश पॉट 200 से 300 रूपए में बिक्री के लिए उपलब्ध रहेगा। ऐसी मान्यता है कि इस फिश पॉट को रखने से वास्तुदोष दूर हो जाते हैं।

सियासत भाजपा नेताओं में हिम्मत है तो किसान विरोधी मोदी शाह का विरोध करे, वादानुसार दिलाये धान की लागत मूल्य का डेढ़ गुना समर्थन मूल्य

भाजपा, मोदी शाह के किसान विरोधी महापाप का प्रायश्चित कर रही है-कांग्रेस

- **भाजपा के आंदोलन पर कांग्रेस की कड़ी प्रतिक्रिया**

रायपुर। भाजपा के आंदोलन पर कांग्रेस ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने भाजपा के आंदोलन को विफल करार देते हुये कहा कि मोदी शाह ने किसानों के साथ जो विश्वासघात किया है। भाजपा मोदी, शाह के किसान विरोधी कृत्य के महापाप का प्रायश्चित कर रही है। मोदी भाजपा ने लोकसभा चुनाव मे स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिश के अनुसार लागत मूल्य का डेढ़ गुना समर्थन मूल्य देने एवं आय दोगुनी करने का वादा किया था लेकिन छः साल बाद भी बजट में उसका प्रावधान नही कर किसानों के साथ धोखा छल कपट प्रपंच किया।किसान सम्मान निधि के नाम से किसानों का अपमान किया।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा के नेता सड़क में किसानों की हित की बड़ी बड़ी बात करते हैं और भाजपा के सांसदो को सदन में सांप सूंघ जाता है जो चुप रहते हैं। 15 साल के रमन सरकार और बीते 6 साल में मोदी की सरकार ने किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए कुछ भी नहीं किया। किसानों के नाम से राजनीति करने वाले भाजपा के नेता बताएं जब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार किसानों को धान का 2500 रू. मूल्य दे रही थी, तब केंद्र के मोदी सरकार ने

उसमें अड़ंगा लगाने का काम किया। उस दौरान प्रदेश के राज्यपाल महोदय एवं 20 लाख किसानों ने पत्र लिखकर प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि सेंट्रल पुल का नियम को शिथिल रखा जाए ताकि राज्य सरकार को धान के 2500 रू. प्रति क्विंटल दाम देने में कोई दिक्कत ना हो। तब भाजपा के 9 सांसद और भाजपा के नेता किस गुफा में छुपे बैठे थे? भाजपा के 9 सांसद और भाजपा नेताओं में हिम्मत है, वास्तविक में किसानों का भला चाहते हैं, मोदी शाह के सामने खड़े होकर छत्तीसगढ़ के किसानों की हित की बात करें।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार पर धान खरीदी में विफल होने का आरोप लगाने वाली भाजपा को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जनता ने जवाब दे दिया। नगरी-निकाय, त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव परिणाम के बाद भाजपा मुंह दिखाने लायक नहीं रही, किसान विरोधी, रोजगार विरोधी भाजपा के नेता अब भाजपा के गिरते राजनीतिक ग्राफ को बचाने किसान हितैषी होने का मुखौटा ओढ़ कर अपनी राजनीति बचाने में उतरे हैं। राज्य निर्माण के तीन साल बाद 15 साल तक सत्ता में भाजपा रही। उस दौरान किसानों के धान को खरीदने और खरीदे हुए धान को सुरक्षित रखने का उपाय करने में असफल रही। धान खरीदी में भ्रष्टाचार घोटाला करने में मास्टर माइंड भाजपा के नेता अब एक साल की सरकार से उम्मीद करते हैं कि रमन सरकार के 15 साल के दौरान हुए महापापों से भाजपा को जल्द मुक्ति मिले। भाजपा को अपने किये महापाप के लिए 15 साल तक प्रायश्चित करना पड़ेगा।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती और महिलाओं का सशक्तिकरण राज्य सरकार की प्राथमिकता : बघेल

मुख्यमंत्री शामिल हुए दैनिक नव प्रदेश के स्थापना दिवस समारोह में, -ट्विटर पर शेयर किया कार्यक्रम का वीडियो

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर/ नव प्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती और महिलाओं का सशक्तिकरण राज्य सरकार की प्राथमिकता है। बस्तर में जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से लोगों का सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। बस्तर में नक्सली घटनाओं में कमी आयी है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को राजधानी रायपुर के एक निजी होटल में आयोजित 'दैनिक नव प्रदेश' के स्थापना दिवस के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने दैनिक नव प्रदेश के सम्पादक यशवंत धोटे सहित नव प्रदेश परिवार के सभी सदस्यों को स्थापना दिवस पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए दैनिक समाचार पत्र की निरंतर प्रगति की कामना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी योजना के अंतर्गत गौठानों के संचालन का काम ग्रामीण महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम, आंगनबाड़ियों में पूरक पोषण कार्यक्रम के संचालन की जिम्मेदारी महिला स्व सहायता समूहों को सौंपी गई है। उन्होंने दंतेवाड़ा का उदाहरण देते हुए कहा कि दंतेवाड़ा में मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम, आंगनबाड़ियों में पूरक पोषण आहार वितरण और सुरक्षा बलों के कैंपों के लिए हर माह लगभग 3 करोड़ रूपए की सामग्री की खरीदी की जाती है। राज्य सरकार द्वारा इस काम से स्थानीय महिला स्व सहायता समूहों को जोड़ा गया है। इससे महिलाओं को रोजगार के अवसर मिले हैं और उनकी आय का जरिया मिला है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दंतेवाड़ा जिले में गरीबी की रेखा के नीचे रहने वाले परिवारों की संख्या आगामी चार वर्षों में राष्ट्रीय औसत 22 प्रतिशत से कम करने के लिए 8 फरवरी से एक वृहत कार्यक्रम की शुरूआत की जा रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में 40 प्रतिशत आबादी गरीबी की रेखा के नीचे है। दंतेवाड़ा जैसे दूरस्थ जिलों में यह प्रतिशत लगभग 50 से 60 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि सुपोषित छत्तीसगढ़ अभियान की शुरूआत की गई थी, बाद में इसे पूरे प्रदेश में लागू किया गया। इसी तरह हाट बाजार क्लीनिक योजना की शुरूआत भी दंतेवाड़ा में की गई थी। इस योजना का विस्तार पूरे प्रदेश के हाट बाजारों में किया गया, जिसके काफी अच्छे परिणाम मिले हैं। इस वर्ष बस्तर में अन्य वर्षों की तुलना में 200 प्रतिशत अधिक वर्षा हुई है। लेकिन हाट बाजार क्लीनिक योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से उल्टी, दस्त, डायरिया से मृत्यु के प्रकरण सामने नहीं आए। उन्होंने बताया कि बस्तर को मलेरिया मुक्त करने के लिए मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान प्रारंभ किया गया है। बस्तर के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 13 वर्षों से बंद स्कूलों को पुनः प्रारंभ किया गया। सुकमा में 105, बीजापुर में 11 और दंतेवाड़ा में ऐसे 22 स्कूलों में पढ़ाई फिर से प्रारंभ हुई है। बस्तर में लोगों को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। उन्हें हल पकड़ाया गया है। अब वहां कोई बन्दूक नहीं पकड़ेगा। श्री बघेल ने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से बस्तर में लोगों का राज्य सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। बस्तर में नक्सली घटनाओं में कमी आई है।

पुरखों के सपनों के अनुरूप गढ़ रहें नया छत्तीसगढ़ :

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने राज्य सरकार की 'नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी योजना का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पुरखों के सपनों के अनुरूप हम नवा छत्तीसगढ़ गढ़ रहे हैं। मृणाल पाण्डेय ने राज्य सरकार की सुराजी गांव योजना का उल्लेख करते हुए प्रसन्नता जताई कि छत्तीसगढ़ में ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण और गांवों को मजबूत बनाने के लिए राज्य सरकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों के अनुरूप काम कर रही है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण और मीडिया के राष्ट्रीय परिवेश के संबंध में भी अपने विचार प्रकट किए।

मशहूर पत्रकार मृणाल पांडे ने महिला सशक्तिकरण पर दिया जोर, कहा- कश्मीर से कन्याकुमारी तक पुरुष ही बेच रहे कृषि उत्पाद, इस पर सोचना होगा

रायपुर/नवप्रदेश। मृणाल पांडे ने कहा कि जल, जंगल, जमीन से जुड़े जितने भी काम हैं, उनमें महिलाओं की अहम भागीदारी है, लेकिन इनसे जुड़े चित्रों में महिलाओं का जिक्र काफी कम होता है। कंधे पर हल लिए पुरुषों का चित्र होता है। पांडे ने कहा कि मुझे विश्वास है कि खुले दिल वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इस दिशा में सकारात्मक पहल करेंगे। उन्होंने कहा कि जल संचय, जलसंधारण के कामों को भी लिया जाए तो उदाहरण घरों से मिलता है। अधिकतर महिलाएं ही सुबह नल से पानी भरती नजर आती हैं। खेती-बाड़ी में धान व अन्य अनाज से लेकर साग-सब्जियां उगाने का काम महिलाएं ही करती हैं, लेकिन आम तौर पर ये देखा जाता है कि जब उन्हें बेचने की बारी आती है तो कश्मीर से कन्याकुमारी तक फसल को पुरुष बाजार लेकर जाते हैं। लिहाजा पैसा भी उन्हीं के पास आता है और खर्च के मामले में भी वे ही आगे होते हैं। उन्होंने कहा मेरा यह विचार फमिनिस्ट दृष्टि से नहीं बल्कि विशुद्ध रूप से व्यापारिक दृष्टि से हैं। यह अच्छी बात है कि यहां इस विषय पर चर्चा हो रही है।

असंगठित क्षेत्र की महिलाओं को पता ही नहीं कि वे काम करती हैं

एक वाकए का जिक्र करते हुए पांडे ने कहा कि असंगठित क्षेत्र की कई महिलाओं को पता ही नहीं है कि वे काम करती हैं। जब उनसे पूछा गया कि आप कोई काम करते हैं तो जवाब ना मिला, लेकिन जब उनसे ऐसे पूछा गया कि क्या आप पानी भरते हैं?, पशुओं के लिए चारा लाने जंगल जाते हैं? या खेत में काम करते हैं तो जवाब हां मिला। इसलिए ऐसी महिलाओं के काम को अदृश्य से दृश्य में बदलना होगा तभी उनका सशक्तिकरण कारगर तरीके से हो सकेगा।

सीएए व एनआरसी को लेकर सीएम बघेल ने दोहराई अपनी बात

साबित करना होगा कि हम हिंदुस्तानी हैं

नव प्रदेश के कार्यक्रम में सीएए व एनआरसी का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि उन विषयों पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है जिन पर विचार करने की जरूरत है। सीएए व एनआरसी ऐसे ही मुद्दे हैं। एनआरसी लागू होने पर देश के हर नागरिक को कागज दिखाकर साबित करना होगा कि हम हिंदुस्तानी हैं। किसी का नाम लिए बिना भाजपा व केंद्र सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा सीएम ने कहा कि छद्म राष्ट्रवाद की बातें की जा रही हैं। यदि राष्ट्रवाद के ही बात करते हैं तो उन्हें बताना चाहिए कि क्या पुलवामा हमला मामले में न्याय मिला, क्या देविंदर (जम्मू कश्मीर में आतंकियों की मदद करने वाले पुलिस अफसर) पर राजद्रोह की धारा लगी। इस पर कोई भी नहीं बोल रहा। बेरोजगारी पर भी बात नहीं हो रही।

नेहरू पर दिए बयान पर भी घेरा

मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए बयान को लेकर भी अपनी बात रखी। कहा कि जिन्होंने आजादी की खातिर 10 साल जेल में बिताए उनको लेकर कहा जा रहा है कि प्रधानमंत्री बनने के लिए उन्होंने देश का बंटवारा कराया। यह दुर्भाग्य की बात है।

नरवा, गरुवा का जिक्र कर विस अध्यक्ष ने कहीं ये बड़ी बातें

हमारे मुयमंत्री ने लगाया छक्का

डॉ. महंत ने आगे कहा कि जहां तक कार्यक्रम के विषय 'ग्रामीण अर्थव्यस्था से समृद्ध होते छत्तीसगढ़' विषय का सवाल है तो मैं कहना चाहूंगा कि हमारे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने क्रिकेट के छक्के की तरह इस दिशा में छक्का जड़ दिया है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति व इसकी पहचान नरवा, गरुवा, घुरवा, बारी से है। हम सभी चाहते हैं कि इससे देश व दुनिया परिचित हैं। यह मुख्यमंत्री के साथ ही हम सबका सपना है।

दोनों भाई अमेरिका में बजाएंगे डंका

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ियां लोगों की की पहचान ही है गढ़ने की। गढ़ने में प्रदेश लोग नंबर वन है हम लोग इसे गढ़कर ही रहेंगे। विस अध्यक्ष ने इस दौरान अपनी व मुख्यमंत्री बघेल की प्रस्तावित अमेरिका की यात्रा का जिक्र करते हुए कहा है कि हम दोनों भाई अमेरिका में इसी (नरवा, गरुवा, घुरवा, बारी) का डंका बजाएंगे। हमने दिल्ली वालों को नहीं बताया और न समझाया। सीधे जाकर हार्वड में बताएंगे।

महिलाओं को धुरी पर रखा जाए

पांडे ने कहा कि महिलाओं को परिधि में रखने की बजाए धुरी पर रखना होगा

यह आर्थिक ही नहीं बल्कि राजनीति लिहाज से भी जरूरी है। हल्के फूल्के अंदाज में उन्होंने कहा कि 50 फीसदी वोटर महिलाएं ही हैं। इनको जिसने साध लिया मानों राजनीति सध गई।

डिजिटल मीडिया के इस्तेमाल पर कहा- बरतनी होगी सावधानी

एक रिपोर्ट के मुताबिक स्मार्ट फोन के मार्फत 75 फीसदी सूचनाएं प्रदान की जाएंगी। स्मार्ट फोन की पहुंच आज गांवों तक भी हैं। लिहाजा डिजिटल प्लेटफार्म के जरिए ग्रामीणों को अद्यतन सूचनाओं से अवगत कराया जा सकता है। लेकिन इसके प्रयोग करते समय सावधानी भी बरतनी होगी। इसका इस्तेमाल सिर्फ मनोरंजन के लिए नहीं होना चाहिए। वास्तविक व फेक न्यूज की पहचान करनी होगी।

किस भाषा में पहुंचाई जाए खबरें, इस पर ध्यान देना जरूरी

आवश्यक खबरें लोगों को किस भाषा में पहुंचाई जाए इस पर भी ध्यान देना जरूरी है। इसका बड़ा माध्यम हिंदी भाषा ही है, इसमें कोई संशय नहीं है। 90 फीसदी महिलाएं भाषायी माध्यम से ही सूचनाएं मिलती हैं। भारतेंदु के मुताबिक हिंदी भी 12 तरह की है। लेकिन हिंदी की इतनी बड़ी पहुंच होने के बाद भी हिंदी मीडिया चलाने वाले अपने विज्ञापन दाता से विज्ञापनों के लिए मजबूत तरीके से इसका दावा नहीं कर पाते। हालांकि प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल ने नरवा, गरुवा के जरिए ये साबित कर दिया है कि इसके साथ आओगे तो खुश रहोगे। और छत्तीसगढ़ के लोगों शाबाशी ने इस समझा भी।

कुछ घरानों के हाथ ही मीडिया की मिलकियत

देश के 25 प्रिंट समेत अन्य कुछ अन्य फॉर्मेट के बड़े मीडिया की मिलकियत देश के सिर्फ नौ घरानों के हाथ में हैं। अब गैर मुनाफा कंपनियों व न्यासों से चलने वाले अखबार मिटने लगे हैं। यशवंत जी ने बड़ा काम यह भी किया छोटे अखबार को बचाए रखा है। यह ग्रामीण जीवन में सूचनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए छोटे अखबारों की भूमिका अहम होती है। इन्हें जीवित रखा जाना चाहिए।

नपा. में कर्मचारियों में भी राजनीतिक खुमारी, सीएमओ के खिलाफ शिकायत

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। नगरपालिका में पार्षद से लेकर अध्यक्ष तक मिली हार कांग्रेस को अब तक पच नही पाई है,आपसी फूट और एक दूसरे की टांग खींचने के कारण जहा पार्षदो की संख्या कम हुई, अध्यक्ष पद भी उनको अपने हाथों से गवाना पड़ा,परिणाम आने के बाद जहा लगभग ये तय माना जा रहा था कि अध्यक्ष कांग्रेस का ही बने गा किन्तु हकीकत ने कुछ और बया किया भाजपा ने बाजी मार दी, अब जब लगभग 1 से ज्यादा का समय हो गया है तब भी पार्टियां पालिका में एक जुट हो विकास और सफाई कार्यो में ध्यान देना छोड़ आरोप प्रत्यारोप का खेल खेलने में लग गई है।

मिली जानकारी के अनुसार कल कांग्रेस का नाटकीय ढंग से किया गया विरोध वही अपने अधिकारी के खिलाफ कर्मचारियों का प्रदर्शन इस बात की तरफ इशारा करता है कि पालिका में अब 5 सालों तक यही हाल बना रहेगा, और जनता महज आफिस आफिस का खेल खेलेगी,अब तक हुये क्रियाकलापों में सिर्फकर्मचारी ही अपने अधिकारी के खिलाफ आवाज उठाते थे किंतु अब कांग्रेस के पार्षदो ने मुख्य नगर पालिका के अधिकारी के खिलाफ मनमानी का आरोप लगे जा रहे है। यह पालिका में कांग्रेस के नवनिर्वाचित पार्षदों के लिए बैठक व्यवस्था सुनिश्चित नही होने से कांग्रेस के पार्षद परेशान है जिसकी शिकायत पार्षदों ने हाई कमान को भी किया गया हैं ।पार्षदों का आरोप है कि मुख्य नगर पालिका के अधिकारी कांग्रेस के पार्षदों के लिए पालिका के अंदर बैठक व्यवस्था नही है , इसी कारण आज कांग्रेस के नवनिर्वाचित पार्षदों ने नगर पालिका के बाहर रोड़ में ही बैठकर जनता की परेशानी सुन रहे है, वही दूसरी तरफ नगर पालिका परिषद मुंगेली में पदस्थ कूछ एक कर्मचारियों को जब कर्तव्यपरायणता अधिकारियों द्वारा बताई जाती है तब चंद परिषद के कर्मचारियों के सहारे लामबंद होकर अनर्गल कार्यवाहियों की भभकी दी जाती है बता दें मुंगेली नगर पालिका परिषद में कर्मचारियों की जवाबदेही सुनिश्चित है ।

वर्तमान में विभिन्न चुनावों और परिषद में कर्मचारियों के डयूटी में जब सख्ती बरती गई साथ ही डयूटी से नदारद रहे कुछ कर्मचारियों के वेतन कटे तब परिषद के कुछ एक कर्मचारियों ने सीएमओ के खिलाफ मोर्चाबंदी शुरू कर दी। आज अचानक भयानक सुबह कुछ कर्मचारियों के हवाले धमकियां देने,मानसिक परेशान करने की शिकायत भी की गई। माहौल यह भी बनाने की कोशिश की गई कि अब नगर पालिका परिषद में तालाबंदी कर दी गई है कोई कर्मचारी कार्यरत नही है जबकि जमीनी हकीकत यह सुनने को मिली कि कुछ एक कर्मचारियों पर दबावपूर्ण शिकायत करने की साजिश रची गई।कुछ समय यहां किसी ने ताला लगाया मगर प्रशासनिक अधिकारियों के पहुंचते ही आनन फानन में ताला खोल दिया गया। बाद में साजिशकर्ता स्वयं इस फिक्र से दूर रहे।एक ओर जहां कर्मचारियों के कलमबंद धरने की बात कही गई वही परिषद के कर्मचारी डयूटी पर मौजूद रहे।बहरहाल अपने स्वार्थ अपने कार्य के प्रति लापरवाह कुछ कर्मचारियों द्वारा बनाया गया यह माहौल विफल सा रहा।

वही इस संबंध में सीएमओ राजेन्द्र पात्रे ने बताया कि नगर पालिका में सभा हाल है कुर्सियां लगी हुई है जैसे पूर्व में होते आ रहा है वैसे ही व्यवस्था किया गया है। अलग से पार्षद के लिए नामजद कुर्सियां नही हैं।

कांग्रेस एवं भाजपा के सियासी जंग के कारण धर्म नगरी सेतगंगा धाम उपेक्षित

नवप्रदेश संवाददाता

मुगेली। जिले के कई पर्यटक स्थल ऐसे है जहां शैलानियों कि सुरक्षा के पुकता इंतजाम नही है चाहे खुड़ियाबांध की जलाशय हो चाहे धार्मिक या पुरातात्विक स्थल या फिर बीहड़ जंगल स्थित जलप्रपात पर्यटक मनोरंजन के नाम पर अपनी जिंदगी दांव पें लगा देते है। ऐसे में पर्यटकों की छोटी सी चुंक उनकी जान गवां सकती है। बावजुद इसके सरकारी नुमाइंदों को इसकी कोई परवांह नही है पर्यटक के क्षेत्र में प्रदेश के नक्शे पर मुंगेली जिले का भी नाम शुमार है। धीरे-धीरे ही सही लेकिन यहां पर्यटन स्थलों में शैलानियों की तादात लगातार बढ़ती जा रही है इस लिहाज से सरकारी तंत्र द्वारा उन्हे सुरक्षा उपलब्ध नही कराई जा रही है। जिला मुख्यालय से महज 17 कि.मी. दूर टेसुआं नदी के तट पर धर्मनगरी सेतगंगा धाम इसका जीवंत नमुना है।

मुंगेली- दक्षिण कौशल छ.ग. धर्म संस्कृति पर्यटन कला संगीत और इतिहास के संबंध में अपना एक विशेष स्थान है। यहां अनेक ऐतिहासिक, धार्मिक, सांस्कृतिक महत्व के तीर्थ है। जिसमें एक है सेतगंगा- वस्तुतः इसका प्राचीन नाम है श्वेतगंगा जिसका शाब्दीक अर्थ है सफेद गंगा 10 वीं शदाब्दी पूर्व यहां एक प्राचीन अद्वितीय ऐतिहासिक श्रीराम जानकी मंदिर की स्थापना हुई। मंदिर के समीप ही मां नर्मदा कुण्ड का स्वस्फूर्त प्रकट्य हुआ जिसका जल गंगा की तरह शीतल, स्वच्छ, तथा निर्मल था। इसे तपस्वी साधुओं ने मां गंगा के नाम से श्वेतगंगा कहा। जनश्रुति के अनुसार पण्डरिया के जमींदार अमरकंटक स्थित मां नर्मदा के अनन्य भक्त थे जो कि अनेक पर्वो पर अमरकंटक में स्थित मां नर्मदा कुण्ड में स्नान कर पुण्य की प्राप्ती किया करते थे। जब वे वृद्ध हो गये तब वहां स्नान करने में असमर्थ हो गए तब वे व्याकुल हो गये एक दिन राजा को अर्धरात्रि में स्वप्न आया कि मै विष्णुदास संभवत वित्रेणी गंगा तुम्हारे राज्य की पश्चिम सीमा में प्रकट होकर प्रवाहित हो रही है। वहां मेरे नाम कुण्ड व मंदिर स्थापित करों। तत्कालिक राजा ने ग्राम सेतगंगा में 10/11 वीं शदाब्दीं में अद्वितीय राम जानकी मंदिर व कुण्ड का निर्माण करवाया ग्राम सेतगंगा के धार्मिक सांस्कृतिक और ऐतिहासिक ग्राम होने का गौरव प्राप्त है। जिला मुख्यालय से महज 17 किलो मीटर का दूरी पर मुंगेली व पंडरिया मार्ग के मध्य टेसुआ नदि के तट पर सेतगंगा नामक बस्ती बसी है। जहां अद्वितीय श्रीराम जानकी मंदिर सिद्धेश्वरी महामाया एवं संतशिरोमणी बाबागुरू घासीदास सहित अनान्य मंदिरों की स्थापना की गई।

नगर पालिका अध्यक्ष ने नवीन ई-साक्षरता केन्द्र का किया शुभारंभ

नवप्रदेश संवाददाता

नारायणपुर। नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता मांझी ने बीते दिन प्लाटपारा नारायणपुर में नवीन ई-साक्षरता केन्द्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षार्थियों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री प्रेम कुमार पटेल ने निर्धारित पाठ्यक्रम प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम अनुसार अध्यापन कार्य एवं व्यावहारिक जानकारी देने की भी बात कही। इस अवसर पर पार्षद श्रीमती राखी राणा, श्रीमती ममता राठौर, विजय सलाम सहित जिला शिक्षा अधिकारी श्री गिरधर मरकाम मौजूद थे। बता दें कि मुख्यमंत्री शहरी कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम गढ़बो डिजिटल छत्तीसगढ़ के तहत् ई-साक्षरता केन्द्र में 14 से 60 वर्ष के उम तक की महिलाओं एवं पुरूष शिक्षार्थियों को दैनिक जीवन में उपयोगी कम्प्यूटर, मोबाईल, इंटरनेट का उपयोग, ऑनलाईन भुगतान, ऑनलाईन फार्म भरना, रेल-बस टिकिट बुक करने का प्रशिक्षण दिया जाता है।

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक संपन्न

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक प्रेसक्लब भवन में जिलाध्यक्ष सइद खान की अध्यक्षता में हुई। बैठक में छठवे पे कमीशन के 32 माह और सातवे पे कमीशन के 27 माह का एरियर्स लेने तथा 5 प्रतिशत डी.ए. बढ़ाने की मांग शासन से की गई तथा अमरसिंह (लोरमी) के पेंशन एरियर्स की अदायगी के लिए संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा बिलासपुर से आग्रह करने तथा श्रीमती केवरा बाई के लम्बित परिवार पेंशन अदायगी हेतु मुख्यशाखा भोपाल से पत्र व्यवहार करने का सुझाव दिया गया। जिला स्तरीय आयुष सम्मेलन 06 फरवरी 2020 का निःशुल्क लाभ लेने तथा स्वास्थ्य के प्रति निरंतर सजग रहने का निवेदन भी किया गया। बंधन बैंक की स्थानीय शाखा के प्रबंधक भुनेश्वर श्री और उनकी टीम के सदस्यों मयंक लालवानी, समीर मंडल, एस.आर. बघेल और महेन्द्र जांगड़े ने अन्य राष्ट्रीयकृत बैंको की तुलना में 2001 से स्थापित छत्तीसगढ़ में 36 बंधन बैंक की शाखाओं में जमा राशि पर अधिक ब्याज दर देने, ए.टी.एम. में नाम मात्र की राशि लेने तथा चेक बॉउन्स की स्थिति में अन्य बैंको की अपेक्षा कम आर्थिक दंड लेने का जिक्र किया। बंधन बैंक से गृह ऋण व पर्सनल लोन नियमानुसार लेने का आग्रह करते हुए पेंशनरों को घर पहुंच आर्थिक सेवा की बात कही। पेंशनर संघ लोरमी के अध्यक्ष राजनारायण दुबे और शिक्षिका कवियित्री श्रीमती प्रभा सरस दुर्ग के निधन पर दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संघ के जिला संचार प्रमुख डॉ. अजीज रफीक ने बंधन बैंक की टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में पुन्नीराम ड़ड़सेना, शिवलाल सिंह ध्रुव लोरमी, डी.डी. मानिकपुरी, एच.आर.भास्कर, एम.एल. टण्डन, पी.पी. पाण्डेय, बी.एन.जोगी, जी.पी. तिवारी, वफाती खान, मकसुद खान, प्रमोद पाठक, दिनेश पाठक, उपासीराम, डी.एल.देवांगन, गोविंद यादव और बड़ी संख्या में सभी विभाग से पेंशनर साथी उपस्थित थे।

एनीमिक महिलाओं को उपचार के लिए मिल रहा है विशेष चिकित्सा सुविधा

मुंगेली। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के मार्गदर्शन में संचालित मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान ''चल बहिनी खून जांच कराबो'' के अंतर्गत 02 अक्टूबर 2019 से 31 जनवरी 2020 तक जिले के 15 से 49 वर्ष आयु समूह की 1 लाख 26 हजार 343 महिलाओं की रक्त अल्पता की जांच की गई है। जिनमें 430 महिलाएं जिनका एचबी स्तर 8 ग्राम से कम पाया गया। रक्त अल्पता खून की कमी से पीड़ित इन सभी एनीमिक महिलाओं को विशेष उपचार के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा जरूरी इलाज और आयरन टेबलेट नियमित रूप से दिये जा रहे है। जबकि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा एनीमिक महिलाओं को आयरनयुक्त पौष्टिक भोजन लेने की सलाह दी जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि एनीमिक पीड़ित इन महिलाओं को उनके निवास क्षेत्र में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र से जोड़ने और आंगनबाड़ी केंद्रों में इन एनीमिक महिलाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके साथ ही साथ नियमित स्वास्थ्य जांच निश्चित अंतराल पर खून जांच भी की जा रही है। उन्होने बताया कि जिला चिकित्सालय मुंगेली, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोरमी, पथरिया एवं सरगांव में शिविर आयोजित कर एनीमिक महिलाओं की नियमित स्वास्थ्य जांच एवं निश्चित अंतराल पर खून जांच किया जा रहा है।

लड़के के लिए रिश्ता देखकर लौट रहा परिवार हुआ हादसे का शिकार

- **अनियंत्रित होकर पलटी गाड़ी, परिवार के एक सदस्य की मौत और सात घायल**

नवप्रदेश संवाददाता

डौंडी। खुशी का मौका गाड़ी के ड्राइवर को झपकी आने मात्र से मरौदा भिलाई के चुरेन्द्र परिवार के लिए मातम में बदल गया. ड्राइवर की एक चूक से चुरेंद्र परिवार का एक चिराग हमेशा के लिए बुझ गया, वहीं सात अन्य घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, मरोदा, भिलाई से चुरेन्द्र परिवार के आठ सदस्य लड़के के लिए लड़की देखने बस्तर के भानुप्रतापपुर गए थे. वापसी के दौरान लिम्हाटोला पहुंचने से पहले मुख्य सड़क मार्ग पर गाड़ी क्रमांक सीजी 07 एटी 2572 के ड्राइवर 19 वर्षीय उमेश कुमार टंडन को झपकी आने से अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में सुमित कुमार चरेंद्र पिता मुक्तिलाल (20 वर्ष) की मौत हो गई, वहीं परिवार के 52 वर्षीय गणेशराम, 48 वर्षीय शकुंतला, 24 वर्षीय अंजू, 25 वर्षीय अनिल कुमार, 42 वर्षीय सरोज बाई, 25 वर्षीय नागेश्वरी, 26 वर्षीय गोलू गंभीर रूप से घायल हुए हैं. हादसे में भिलाई मरोदा निवासी ड्राइवर उमेश कुमार को कोई चोट नहीं आई।

घटना गुरुवार रात्रि 10.30 की है. सूचना मिलने पर 108 वाहन से घायलों को डौंडी सरकारी अस्पताल लाया गया. प्राथमिक उपचार बाद सात घायलों को दल्लीराजहरा शहीद अस्पताल रेफर किया गया, जहां स्थिति को देखते हुए शकुंतला व अंजू को मेकाहारा, रायपुर रेफर किया गया है।

नगर के युवाओं ने जरूरतमंदों को दिया बिस्कुट

नवप्रदेश संवाददाता

सक्ती। नगर में इन दिनों नव युवकों में गरीबों के प्रति कोई भी भूखा न सोये कहकर सुबह के समय मंदिरों के बाहर मांगने वालों को पेट भरने के लिये अपनी ओर से खाने की व्यवस्था निःस्वार्थ भावना से कर रहे है सेवा । साथ ही रात को कोई गरीब भूखा न सोये इसलिये बिस्कुट एवं पीने का पानी के अलावा जो सेवा गरीबों की करते बनती है वह सेवा भी युवकों द्वारा की जाती है । अगर रेल्वे स्टेशन में कोई गरीब सो जाता है तो उसे उठा कर अपनी ओर से यह पूछ कर आपने भोजन किया है कि नही अगर वह बोलता है नही किया हूं तो तत्काल भोजन या जो भी खाने के सामाग्री देर रात को मिलती है वह युवकों द्वारा तत्काल व्यवस्था कर पेट की आग बुझाते है । इस संबंध में युवक यश गोयल ने बताया कि प्रत्येक गुरूवार को सुबह एवं शाम को बिस्कुट मिस्चर एवं अन्य दिनों में शाम को बिस्कुट मिस्चर जरूरतमंदों को दी जाती है अतिउत्साहित नवयुवक जो धर्म के कार्य में लगे है यश गोयल, विनय गोयल, अंशु अग्रवाल, सुदांसु खेतान, सैयंश अग्रवाल के अलावा युवकगण अधिक संख्या में जरूरतमंदों की सेवा कर रहे है । इस नवयुवकों के कार्यो से नगर के नागरिकों में सराहना करते हुये सहयोग देने के लिये आगे आ रहे है ।

न्यायालय नायब तहसीलदार (नजूल) कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./ /अ-20(1)/2019-20
ग्राम- सुभाष वार्ड तह. कांकेर

ईश्तहार

एतद् द्वारा मोहल्ला सुभाष वार्ड के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कौशल साहू पिता/ पति मोहन लाल जाति ....निवासी.........द्वारा मोहल्ला सुभाष वार्ड की शासकीय भूमि खसरा नं./शीट नं. 12 डी. प्लाट नं./रकबा में से 7, 6212 रकबा 34 पर अतिक्रमण कर आवासीय/ व्यवसायिक..प्रयोजन में उपयोग किया जा रहा है। उक्त भूमि पर आवेदक का 20 वर्षों से अतिक्रमण किया गया है। उक्त अतिक्रमण भूमि को शासन के दिशा निर्देशानुसार बाजार मूल्य का 2 प्रतिशत के समतुल्यं राशि जमा कराकर प्रचलित गाईड लाईन दर पर बाजार मूल्य का 152 प्रतिशत देय एवं शासकीय भूमि के आबंटन के समय वार्षिक भू-भाटक निर्धारण पश्चात पट्टा प्रदाय किया जावेगा।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को या संस्था को दावा/आपत्ति पेश करना है तो स्वयं या आम मुख्तियारनामे से दिनांक 03.02.2020 के पूर्व पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सील

नायब तहसीलदार (नजूल)
जिला कांकेर (छ.ग.)

प्रथम पृष्ठ का शेष...

छत्तीसगढ़ ने सही...

उन्होंने कहा कि आज के दौर में जहां सुराजी सोच पीछे छूटते जा रही है, वहीं छत्तीसगढ़ सरकार इसी सोच को लेकर काम कर रही है, जिससे प्रदेश की आर्थिक समृद्धि के रूप में अप्रत्याशित सफलता भी मिल रही है। गांधीजी के बाद गांवों को केंद्र में रखकर कभी गंभीर राजनीति की ही नहीं गई। लेकिन यह अपने आप में प्रशंसनीय है कि गांधी जी की सुराजी सोच को केंद्र में रखकर छत्तीसगढ़ सरकार काम कर रही है।

मोदी को...

इस कदर उत्तेजित हो गए कि वे हर्षवर्धन की सीट की ओर बढ़ गए। विपक्षी सांसदों ने केंद्रीय मंत्री को घेर लिया। हंगामे के कारण स्पीकर ने सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। बीजेपी ने विपक्षी सांसदों के इस व्यवहार को गुंडागर्दी कारर दिया और आरोप लगाया कि राहुल गांधी के इशारे पर हर्षवर्धन के साथ हाथापाई की कोशिश की गई।

निर्भया केसः....

कोर्ट ने पांच फरवरी को न्याय के हित में दोषियों को इस आदेश के एक सप्ताह के अंदर अपने कानूनी उपचार का इस्तेमाल करने की इजाजत दी थी।' जज ने कहा, 'मैं दोषियों के वकील की इस दलील से सहमत हूं कि महज संदेह और अटकलबाजी के आधार पर मौत के वॉरंट को तामील नहीं किया जा सकता है। इस तरह, यह याचिका खारिज की जाती है। जब भी जरूरी हो तो सरकार उपयुक्त अर्जी देने के लिए स्वतंत्र है।'

पीएम ने...

गठन किया जाएगा। इस क्षेत्र को 1,500 करोड़ रुपये का विशेष विकास पैकेज मिलेगा, जिससे कोकराझार, चिरांग, बक्सा और उदलगुरी जैसे जिलों को काफी फायदा पहुंचेगा। श्री मोदी की यह असम यात्रा बोडो समझौते के बाद हुई है। यह तीसरा मौका है, जब इस तरह की कोई समझौता हुआ है। इससे पहले दो समझौते 1993 और 2003 में हुए थे। तीसरा समझौता 27 जनवरी को नयी दिल्ली में नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट ऑफ बोडोलैंड (एनडीएफबी) के सभी चार गुटों के नेताओं के साथ किया गया था। ये चारों गुट पहले एक अलग बोडोलैंड राज्य की मांग कर रहे थे।

समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद 30 जनवरी को गुवाहाटी में आयोजित एक समारोह के दौरान एनडीएफबी के 1615 सदस्यों ने एके सीरीज़ राइफल, एम 16 राइफल, 4803 राउंड गोला बारूद, 14 ग्रेनेड, एक 2 इंच मोर्टार सहित 178 हथियारों को सुरक्षा बलों को सौंप दिया था। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिये कहा कि लोग उन्हें डंडे से मारने की बात करते हैं लेकिन उन्हें माताओं और बहनों का आशीर्वाद प्राप्त है, जो उनकी रक्षा करता है।

पाक की...

नहीं दी थी।श्री जयशंकर ने शुक्रवार को राज्यसभा में सदस्यों के सवालों के जवाब में कहा कि भारतीय छात्रों को लेने के लिए जब एयर इंडिया की दो उडान वुहान भेजी गयी थी उस समय वहां फंसे पड़ोसी देशों के लोगों को भी इस उडान में आने की पेशकश की गयी थी। उन्होंने कहा कि केवल मालदीव ने ही इसके जवाब में अपने सात छात्रों को लाने का अनुरोध किया था। उनसे पूछा गया था कि क्या भारत वुहान में फंसे पाकिस्तान के छात्रों को भी लेकर आयेगा।

श्री जयशंकर ने कहा कि भारत के 80 छात्र अभी भी वुहान में हैं। इनमें से 70 छात्रों ने अपनी मर्जी से इन उडानों में आने से मना कर दिया था। दस छात्र देश आने के लिए वुहान हवाई अड्डे पर आये थे लेकिन उन्हें बुखार होने के कारण चीनी अधिकारियों ने आने की अनुमति नहीं दी थी। उन्होंने कहा कि बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास इन छात्रों के संपर्क में है और इनके स्वास्थ्य के बारे में सभी जरूरी कदम उठाये जा रहे हैं। उन्होंने इन छात्रों के परिजनों को आश्वस्त किया कि उनकी अच्छी देखभाल की जा रही है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक 2352/लो.क.वि./न.पा.नि./2020 रायगढ़, दिनांक 27.01. 2020

निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र ''अ'' में लोक निर्माण विभाग भवन कार्य के दिनांक 01.01.2015 से प्रचलित दर अनुसूची पर नगर पालिक निगम, रायगढ़ की वेबसाईट uad.cg.gov.in/www.nagarnigamraigarh.com से निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर पूर्ण रूप से भरकर निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित प्रपत्र शुल्क डी.डी. के माध्यम से दिनांक 17.2.2020 अपरान्ह 04:00 बजे तक स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से मुहरबंद निविदाएं त्रि-लिफाफा पद्धति से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 17.2.2020 को अपरान्ह को सायं 04:30 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी।

क्र.	कार्य का नाम	कार्य की लागत (लाख में)	अमानत राशि (रूपये में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	ठेकेदार की श्रेणी	समयावधि
1	निगम कार्यालय के चारों तरफ गार्डनींग, ग्रील एवं लैण्डस्केपिंग कार्य।	2.44	2500/-	750/-	डी-वर्ग एवं उपर	01 माह

नोटः- कार्य का अन्य विवरण एवं नियम शर्ते कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में देखा जा सकता है।
''स्वच्छ पर्यावरण के लिए वृक्षारोपण करें एवं पालिथीन का प्रयोग न करें।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

निविदा आमंत्रण तिथि :- 05.02.2020

ई-प्रोक्यूमेंट निविदा सूचना

01. अमानत राशि संबंधित संभाग के कार्यपालन अभियंता के पक्ष में देय होगी।
02. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए Log in करें http://eproc.cgstate.gov.in
03. आनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि- 24.02.2020

सरल क्र.	एन.आई.टी. क्र.	ऑनलाईन सिस्टम क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	संबंधित संभाग
1	2	3	4	5	6
1	233 1st Call D Clas & Above	60701	पी.जी. राशि के विरूद्ध बागबहार कोतबा मार्ग के मरम्मत का कार्य।	72.03	पत्थलगांव

जी-76611/5

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

कहां जा रहे हैं दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ऐक्ट्रेस ने शेयर की पासपोर्ट की तस्वीर

जल्द ही डायरेक्टर कबीर खान की फिल्म '83' में दीपिका और रणवीर साथ नजर आएंगे। रणवीर पूर्व क्रिकेटर कपिल देव के रोल में दिखेंगे। वहीं, दीपिका पूर्व क्रिकेटर कपिल देव की पत्नी रोमी भाटिया के रोल में नजर आएंगी।

साल के सबसे रोमांटिक कहे जाने वाले महीने यानी फरवरी की शुरुआत हो चुकी है। शायद यही वजह है कि बॉलिवुड के सबसे प्यारे कपल्स में से एक दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह पर भी इसका खुमार चढ़ चुका है।

दोनों साथ में वकेशन इंजॉय करने के लिए किसी एग्जॉटिक लोकेशन पर निकल गए हैं। ऐक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने और रणवीर के पासपोर्ट की तस्वीरें शेयर की हैं। इसे शेयर करते हुए दीपिका ने कैप्शन दिया, 'His & Hers...#vacation'

वकेशन प्लेस का खुलासा नहीं

फिलहाल, यह क्लियर नहीं है कि दोनों कहां जा रहे हैं लेकिन उम्मीद की जा रही है कि वे फैंस को जल्द ही इस बारे में अपडेट करेंगे। वर्क फ्रंट की बात करें तो दीपिका और रणवीर जल्द ही फिल्म '83' में नजर आएंगे।

'83' में साथ नजर आएगा कपल

डायरेक्टर कबीर खान की इस फिल्म में रणवीर पूर्व क्रिकेटर कपिल देव के रोल में दिखेंगे। वहीं, दीपिका पूर्व क्रिकेटर कपिल देव की पत्नी रोमी भाटिया के रोल में नजर आएंगी। फिल्म 10 अप्रैल 2020 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

परफेक्ट शॉट के लिये तापसी ने खाये सात थप्पड़

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू को परफेक्ट शॉट के लिये सात थप्पड़ खाने पड़े।

तापसी पन्नू इन दिनों अपनी आने फिल्म थप्पड़ को लेकर चर्चा में चल रही हैं। उन्होंने इस फिल्म में एक ऐसी महिला का किरदार निभाया है जो अपनी लाइफमें हिंसा को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करती है और अपने पति से एक पार्टी में थप्पड़ खाने के बाद वो उसे छोड़ देने का फैसला करती है। फिल्म की कहानी का एक सीन इतना महत्वपूर्ण है कि तापसी ने इस शॉट को परफेक्ट करने के लिए सात थप्पड़ खाए थे।

तापसी पन्नू ने कहा कि मेरा को-स्टार पावेल इस बात से घबराया हुआ था कि उसे मुझे जोर से थप्पड़ मारना है। वो इतना ज्यादा डरा हुआ और बैचेन था कि उसे मानसिक तौर पर इस शॉट के लिए तैयार होने में दो दिन लग गए। तापसी ने कहा कि मुझे इस शॉट को परफेक्ट करने में काफी रीटेक लग गए। फिल्म में केवल एक ही थप्पड़ दिखाया जाएगा लेकिन इस शॉट को पूरा करने में मुझे सात थप्पड़ यानी सात रीटेक लगे। मुझे लगता है कि मैंने पूरी फिल्म में इतने रीटेक नहीं दिए हैं।

तापसी ने फिल्म में अपने किरदार की चर्चा करते हुये कहा, ये कैरेक्टर मेरे लिए काफी अलग था और मैंने इसे चैलेंज की तरह लिया। इस फिल्म की शूटिंग के 15 दिनों बाद मैं काफी घुटन महसूस करने लगी थी। मेरी जैसी तेजतर्रार पर्सनैलिटी है, उस हिसाब से मुझे अमृता की पर्सनैलिटी में ढ़लने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ी। इस फिल्म में तापसी के अलावा रत्ना पाठक शाह, तन्वी आजमी, दीया मिर्जा, राम कपूर और कुमुद मिश्रा जैसे सितारे भी नजर आएंगे। यह फिल्म 28 फरवरी को रिलीज होने जा रही है।

QUIZ TIME

1) शुक्राचार्य किसके गुरू थे? (असुरों / देवताओं)
2) भारत में सबसे पहले उर्दू अकादमी की स्थापना किस राज्य में हुई?
(क) बिहार (ख) उत्तरप्रदेश (ग) दिल्ली
3) मुंबई शहर का वास्तविक संस्थापक कौन था?
4) कौन-सी नदी विषुवत रेखा (भूमध्य रेखा) को दो बार पार करती है?
5) मिस्र में पाई जानेवाली 'ममी' की खोज सर्वप्रथम सर फ्लाइंडर्स पीट्री ने की थी। (सही / गलत)



Ramaquiz

उत्तरमाला: (1) असुरों (2) उत्तरप्रदेश (3) गेराल्ड औंगियार (4) कांगो नदी (5) सही

'मुंबई सागा' में एनकाउंटर स्पेशलिस्ट किरदार में नजर आयेंगे इमरान हाशमी

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी अपनी आने वाली फिल्म 'मुंबई सागा' में एनकाउंटर स्पेशलिस्ट का किरदार निभाते नजर आयेंगे। बॉलीवुड फिल्म संजय गुप्ता गैंगस्टर ड्रामा मुंबई सागा बना रहे हैं। इस फ़िल्म में जॉन अब्राहम, इमरान हाशमी, महेश मांजरेकर, सुनील शेट्टी, प्रतीक बब्बर और काजल अग्रवाल भी अहम भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म को इसी साल रिलीज़ किया जाएगा। फ़िल्म में इमरान एनकाउंटर स्पेशलिस्टी की भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे में मेकर्स ने उनका पुलिस वाला लुक ही जारी किया है। संजय गुप्ता ने ट्वीट कर नया पोस्टर जारी किया। उन्होंने लिखा, फ़मुंबई सागा की टीम इस बात को लेकर परेशान थी कि इमरान हाशमी का लुक कैसा होगा। उन्हें ख़तरनाक पुलिस वाले के रूप में दिखाया गया है। जरा आप भी देखिए कि किस स्टाइल में उन्हें दिखाया गया है। इमरान हाशमी ने इस फ़िल्म के बारे में बताया है, 'वंस अपॉन ए टाइन इन मुंबई' के बाद शोएब ख़ान से मिलते जुलते कई किरदारों के ऑफ़र मैंने ठुकरा दिये थे। शायद, मैं संजय की फ़िल्म का इंतजार कर रहा था।

एक विलन टू : जॉन अब्राहम और आदित्य रॉय कपूर के साथ दिखेंगी कियारा आडवाणी?

इन दिनों कियारा इंडस्ट्री की सबसे पसंदीदा ऐक्ट्रेसेस में से एक हो गई हैं। डायरेक्टर्स उन्हें अपनी फिल्मों में कास्ट करना चाह रहे हैं। हाल ही में फिल्म के सीक्वल का अनाउंसमेंट किया गया था और इसमें जॉन अब्राहम और आदित्य रॉय कपूर मुख्य किरदारों में दिखेंगे।

ऐक्ट्रेस कियारा आडवाणी आखिरी बार फिल्म 'गुड न्यूज' में नजर आई थीं जिसमें उनकी परफॉर्मेंस को काफी पसंद किया गया। फिल्म में अक्षय कुमार, करीना कपूर खान और दिलजीत दोसांझ भी अहम किरदारों में थे और इसने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी-खासी कमाई थी।

इन दिनों कियारा इंडस्ट्री की सबसे पसंदीदा ऐक्ट्रेसेस में से एक हो गई हैं। डायरेक्टर्स उन्हें अपनी फिल्मों में कास्ट करना चाह रहे हैं। लेटेस्ट रिपोर्ट्स की मानें तो कियारा को 'एक विलन 2' में लीड ऐक्ट्रेस के लिए अप्रोच किया गया है।

जॉन और आदित्य होंगे लीड ऐक्टर्सः हाल ही में फिल्म के सीक्वल का अनाउंसमेंट किया गया था और इसमें जॉन अब्राहम और आदित्य रॉय कपूर मुख्य किरदारों में दिखेंगे। फिल्म के लिए कियारा का ऑडिशन हुआ है या नहीं, इस बारे में अब तक कोई कन्फर्मेशन नहीं आया है लेकिन अगर ऐसा होता है तो इन तीनों ऐक्टर्स को एकसाथ बिग स्क्रीन पर देखना काफी दिलचस्प होगा।

विदेशी मुद्रा भंडार 470 अरब डॉलर के पार

मुंबई (वार्ता)। देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार 19वें सप्ताह बढ़ता हुआ 31 जनवरी को समाप्त सप्ताह में पहली बार 470 अरब डॉलर के पार पहुँच गया। रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा आज जारी आँकड़ों के अनुसार, 31 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 461 अरब डॉलर बढ़कर 471.30 अरब डॉलर के नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गया। यह लगातार 19वाँ सप्ताह है जब देश के विदेशी मुद्रा के भंडार में वृद्धि हुई है। इससे पहले 24 जनवरी को समाप्त सप्ताह में यह 4.47 अरब डॉलर बढ़कर 466.69 अरब डॉलर पर रहा था। केंद्रीय बैंक के अनुसार, 31 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 4.33 अरब डॉलर की वृद्धि हुई और यह 437.25 अरब डॉलर पर पहुँच गया। सप्ताह के दौरान आरबीआई ने सोने की खरीद की जिससे स्वर्ण भंडार भी 28.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 29 अरब डॉलर का हो गया।

रुपया 22 पैसे फिसला

मुंबई (वार्ता)। दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में मजबूती से अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया शुक्रवार को रुपया 22 पैसे लुढ़ककर एक सप्ताह से अधिक के निचले स्तर 71.40 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया। भारतीय मुद्रा में तीन दिन बाद गिरावट देखी गयी है। गुरुवार को यह सात पैसे चढ़कर 71.18 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। रुपये पर आज शुरू से ही दबाव रहा। यह आठ पैसे की गिरावट के साथ 71.26 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह एक समय 71.20 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ तो दूसरी ओर 71.46 रुपये प्रति डॉलर तक टूटा भी। अंत में गत दिवस के मुकाबले 22 पैसे लुढ़ककर 71.40 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। यह 30 जनवरी के बाद भारतीय मुद्रा का न्यूनतम बंद भाव है। कारोबारियों ने बताया कि रिजर्व बैंक ने वाणिज्यिक बैंकों के माध्यम से डॉलर की खरीददारी की जिसके कारण रुपये पर दबाव रहा।

जासूसी में घिरे क्रेडिट सुइस के सीईओ ने दिया इस्तीफा

जेनेवा। स्विट्जरलैंड के बैंक क्रेडिट सुइस ने शुक्रवार को कहा कि उसके मुख्य कार्यपालि अधिकारी (सीईओ) टिजेन थिआम ने इस्तीफा दे दिया है। बैंक द्वारा अपने कर्मचारियों तथा एक पूर्व शीर्ष कार्यकारी की जासूसी किए जाने का खुलासा होने के बाद थिआम का पद पर बने रहना मुश्किल हो गया था। बैंक के ऊपर पर्यावरण संबंधी मसलों पर काम करने वाली संस्था ग्रीनपीस की भी जासूसी का आरोप है।

थिआम ने एक बयान में कहा, ''मैं निदेशक मंडल से इस बात पर सहमत हो गया हूं कि मैं सीईओ के पद से इस्तीफा दे दूंगा। बैंक ने कहा कि बैंक के स्विट्जरलैंड परिचालन के मौजूदा प्रमुख थॉमस गॉट्सटीन उनका स्थान लेंगे।

टिजेन थिआम का इस्तीफा मंजूर

क्रेडिट सुइस ने एक बयान में कहा, ''... निदेशक मंडल ने टिजेन थिआम का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और थॉमस गॉट्सटीन को क्रेडिट सुइस समूह का नया सीईओ नियुक्त किया गया है। बैंक ने कहा कि निदेशक मंडल ने सर्वसम्मति से थिआम का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। यह इस्तीफा 14 फरवरी से प्रभावी होगा। बैंक 13 फरवरी को चौथी तिमाही तथा पूरे साल के वित्तीय परिणाम की घोषणा करने वाला है।

जासूसी प्रकरण को लेकर विवादों में बैंक

उल्लेखनीय है कि स्विट्जरलैंड का यह बैंक हालिया जासूसी प्रकरण को लेकर विवादों में है। बैंक के ऊपर सबसे पहले अपने पूर्व मुख्य संपत्ति प्रबंधक इकबाल खान की जासूसी का आरोप लगा। खान क्रेडिट सुइस को छोड़ने के बाद प्रतिस्पर्धी बैंक यूबीएस से जुड़ गये थे। उन्होंने खुलासा किया था कि निजी जासूसी एजेंसियां उनका पीछा कर रही हैं।

बाद में बैंक की आंतरिक जांच में दिसंबर में पता चला कि एक अन्य शीर्ष कार्यकारी की भी जासूसी की गई है। अब पिछले सप्ताह स्विट्जरलैंड की एक पत्रिका ने खुलासा किया कि बैंक ने ग्रीनपीस की जासूसी का आदेश दिया है ताकि उसे पता चल सके कि उसके खिलाफग्रीनपीस कब प्रदर्शन करने वाला है।

अब सस्ते हो रहे हैं बैंक लोन: आरबीआई

- मॉनिटरी पॉलिसी का असर फरवरी 2019 के बाद पहली बार पॉजिटिव दिख रह
- रिजर्व बैंक ने फरवरी 2019 के बाद कुल 135 बेसिस पॉइंट की कटौती की

कोलकाता। मौजूदा बैंक लोन अब जाकर सस्ते होने लगे हैं, क्योंकि बकाया लोन के लिए मॉनिटरी पॉलिसी का असर फरवरी 2019 के बाद पहली बार पॉजिटिव दिख रहा है। मॉनिटरी ट्रांसमिशन बताता है कि RBI के रेट घटाने के बाद बैंकों ने अपने इंट्रेस्ट रेट में कितनी कमी की है। उसने लोन को सस्ता बनाने के लिए सालभर पहले पॉलिसी रेट कट की शुरुआत की थी।

नए लोन के मामले में मॉनिटरी ट्रांसमिशन सुस्त रहा है, जबकि रिजर्व बैंक ने फरवरी 2019 के बाद कुल 135 बेसिस पॉइंट की कटौती की थी। इसके बावजूद, बैंक मौजूदा बॉरोअर्स का लोन सस्ता नहीं कर रहे थे और कुछ बॉरोअर्स को उस दौरान पहले से ज्यादा रेट से ईएमआई चुकाना पड़ा था। आरबीआई ने बताया कि फरवरी से दिसंबर 2019 के बीच आउटस्टैंडिंग लोन के वेटेड एवरेज लेंडिंग रेट (WALR) में 13 बेसिस पॉइंट की कमी आई थी।

आरबीआई ने क्रेडिट मार्केट में मॉनिटरी ट्रांसमिशन पर कहा, 'यह धीरे-धीरे बेहतर हो रहा है। मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड्स-बेस्ड लेंडिंग रेट (MCLR) की एक साल की मीडियन मार्जिनल कॉस्ट फरवरी 2019 से जनवरी 2020 के बीच 55 बेसिस पॉइंट कम हुई है।'

नए बेंचमार्क से ट्रांसमिशन में सुधारः बैंकों की तरफ से जारी किए गए फ्रेश लोन का WALR फरवरी से दिसंबर 2019 के बीच घटकर अब 69 बेसिस पॉइंट दिख रहा है, जिसमें दिसंबर तक के पीरियड में 44 बेसिस पॉइंट में कमी दिख रही थी। ट्रांसमिशन में सुधार पिछले साल 1 अक्टूबर से एक्सटर्नल बेंचमार्क सिस्टम लागू किए जाने के चलते आया है, जिसने ज्यादातर बैंकों को अपना हाउसिंग, पर्सनल और माइक्रो ऐंड स्मॉल एंटरप्राइजेज (MSE) लेंडिंग रेट को पॉलिसी रेपो रेट से लिंक करने पर मजबूर कर दिया। आरबीआई ने पॉलिसी रेट में 25

शेयर बाजारों में 4 दिन की तेजी का सिलसिला थमा, सेंसेक्स 164 अंक टूटा

मुंबई। शेयर बाजारों में शुक्रवार को चार दिन से जारी तेजी का सिलसिला थम गया। करॉना वायरस से मौतों का सिलसिला जारी रहने के बीच एशियाई बाजारों में गिरावट आई। बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 164.18 अंक या 0.40 प्रतिशत के नुकसान से 41,141.85 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 41,073.36 अंक के निचले स्तर तक गया। इसनमें 41,394.41 अंक का उच्चस्तर भी छुआ।

नैशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 39.60 अंक या 0.33 प्रतिशत के नुकसान से 12,098.35 अंक पर आ गया। कारोबार के दौरान यह 12,073.95 से 12,154.70 अंक के दायरे में रहा। सेंसेक्स की कंपनियों में इंडसइंड बैंक, महिंद्रा ऐंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील और भारती एयरटेल में नुकसान रहा।

वहीं दूसरी ओर एनटीपीसी, ओएनजीसी, एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक और हीरो मोटोकॉर्प के शेयरों में लाभ दर्ज हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 14 नुकसान में रहे और 16 में लाभ रहा। बीएसई स्मॉलकैप और मिडकैप में क्रमशः 0.72 प्रतिशत और 0.42 प्रतिशत का लाभ हुआ। चीन में करॉना वायरस से मृतकों की संख्या 636 पर पहुंच गई है।

एब्सोल्यूट बारबेक्यू का नोएडा में विस्तार

नयी दिल्ली (वार्ता)। बारबेक्यू रेस्तरां नेटवर्क संचालित करने वाली कंपनी एब्सोल्यूट बारबेक्यू ने दिल्ली एनसीआर में अपना विस्तार करते हुये नोएडा में 39वां रेस्तरां शुरू किया है।

कंपनी ने शुक्रवार को यहां जारी बयान में कहा कि 39 रेस्तरां सेक्टर 62 में शुरू किया गया है। कंपनी का एक रेस्तरां गुरूग्राम में है। वर्ष 2013 से इस क्षेत्र में कार्यरत इस कंपनी का देश के 14 शहरों में रेस्तरां है। कंपनी दुबई में भी दो रेस्तरां चलाती है।

कंपनी के इंडिया परिचालन के प्रमुख आशीष राय ने इस मौके पर कहा कि उनकी कंपनी का प्रायस ग्राहकों तक पहुंचने की रहती है और इसीक्रम में नोएडा में विस्तार किया गया है।

बीएस6 वाहन 12 फीसदी तक महंगे : एफएडीए

नयी दिल्ली (वार्ता)। देश में वाहन डीलरों के शीर्ष संगठन फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसियेशन (एफएडीए) ने 01 मार्च तक डीलरों के यहाँ आये बीएस4 वाहनों को 31 मार्च के बाद भी बेचने की अनुमति दिये जाने की माँग करते हुये शुक्रवार को कहा कि बीएस4 की तुलना में बीएस6 मानक के वाहनों की कीमत 12 फीसदी तक अधिक होगी।

सरकार ने 01 अप्रैल 2020 से देश में बीएस6 मानकों के लागू करने का आदेश दिया है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया है कि 01 अप्रैल से बीएस4 वाहनों का पंजीकरण भी बंद हो जायेगा।

एफएडीए के अध्यक्ष आशिष हर्षराज काले ने शुक्रवार को यहाँ कहा कि बीएस4 वाहनों की तुलना में बीएस6 वाहनों की कीमतों में सात से 12 प्रतिशत तक की वृद्धि हो रही है। नयी प्रौद्योगिकी के साथ ही लागत बढ़ने के कारण कीमतों में वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि बीएस4 वाहनों को अप्रैल में भी बेचने की अनुमति देने के लिए एसोसियेशन ने उच्चतम न्यायालय से अपील की है जिस पर सुनवाई की अभी तक तारीख मिली है। उम्मीद है इस महीने के दूसरे पखवाड़े में उच्चतम न्यायालय आवेदन पर विचार करेगा।

बिना सूचना के समूहों ने छोड़ी मध्यान भोजन की रसोई, बच्चे रहे भूखे

- पालकों ने आनन फ़ानन में कराया खाना बनाने का व्यवस्था
- पिछले हफ्ते मध्यान भोजन में लापरवाही को लेकर बच्चों के द्वारा सामने आया था शिकायत
- मध्यान भोजन मे हो रही थी बड़ी लपरर्वाही

गंडई पंडरिया। नगर के शासकीय कन्या शाला मिडिल स्कूल में मध्यान भोजन को लेकर उपजा विवाद थमने का नाम नही ले रहा है। पिछले हप्ते कन्या शाला मिडिल स्कूल के छात्रों ने लगातार मध्यान भोजन में लापरवाही और मध्यान भोजन बनाने वाले समूह के अध्यक्ष के बर्ताव को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष स्यामपाल ताम्रकार,स्कूल साला समिति के अध्यक्ष शोमसिंह निर्मलकर और सैलेन्द्र दामोदर जयसवाल सहित मीडिया कर्मियों को स्कूल बुला कर सब के समक्ष अपनी पीड़ा बताया था । और मध्यान भोजन बनाने वाले ? शांति समूह के द्वारा खाना ठीक से नही देने का शिकायत किये थे जिसके बाद नगर

पंचायत अध्यक्ष स्यामपाल ताम्रकार ने समूह को फटकार लगाते हुवे साफतौर पर कहा था कि गिन के 168 बच्चों का खाना बनाना है। उसमें भी लापरवाही और आप लोगो के बर्ताव को लेकर शिकायत मिल रहा है। जो बर्दास्त नही होगा बच्चों के खाने पीने को लेकर कोई समझौता नही होगा। आप लोग अपना रवैया सुधार लो और बच्चों को शासन के नियम के हिसाब खाना दो आगे किसी भी प्रकार की शिकायत नही मिलना चाहिए । वही मौके पर पहुँचे एबीओ गिरेन्द्र कुमार सुधाकर ने बच्चों और समूह के अध्यक्ष चम्पा बाई पारख का बयान लेकर दो महीने तक मध्यान भोजन को सही ढंग से संचालित करने को लेकर समझाईस दे कर इस पर जांच कर उच्च अधिकारियो से चर्चा करने की बात भी कही गई थी। मगर 7 फरवरी को ? शांति समूह के द्वारा बिना किसी सूचना के शासकीय कन्या मिडिल स्कूल में मध्यान भोजन खाना बनाने नही पहुँचे जिसके कारण गंडई सहित आस - पास ग्रामीण क्षेत्र से आये छात्र भूख में इधर - उधर भटकते नजर आए जिसकी जानकारी नगर पंचायत अध्यक्ष स्कूल शाला समिति के अध्यक्ष सहित पालकों को मिली जिनके द्वारा अनान - फ़नान में खाना बनवाने के लिए दूसरे समूह के मदद से खाना बनवाया गया।

वही इस मामले में प्रभारी प्रचार्य उमाशंकर देवांगन का कहना है। कि 7 फरवरी को 11 बजे ओमशान्ति महिला समूह के द्वारा आगे से मध्यान भोजन संचालित नही करने को लेकर लिखित में आवेदन दिया गया। है। जिसको लेकर अपने उच्च अधिकारी बीओ सर को अवगत कराया गया। अभी वैकल्पित व्यवस्था के लिए शाला प्रबंधन समिति को खाना बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। आगे उच्च अधिकारियों के आदेश के बाद आगे काम करेंगे।

कन्या मिडिल स्कूल शाला समिति के अध्यक्ष शोमसिंह निर्मलकर का कहना है। कि आज सुबह स्कूल खुलने से लेकर 11 बजे तक बिना किसी सूचना के मध्यान भोजन बनाने वाले समूह स्कूल में खाना बनाने नही आये थे। जिसके बाद हम लोग बच्चे भुखे मत रहे कर के शाला प्रबंधन समिति के सभी सदस्य खाना बना कर बच्चों को खिलाएं है।

न्यूज गैलरी

देऊरगांव सरपंच अमित का स्कूल स्टाफ ने किया अभिनंदन

साजा। ग्राम पंचायत देऊरगांव के नवनिर्वाचित सरपंच अमित चौबे का शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देऊरगांव परिसर में समस्त स्टाफ शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा आत्मीय अभिनंदन कि स्वागत किया गया।

कमला कॉलेज में भजन प्रतियोगिता का आयोजन



राजनांदगांव। शासकीय कमलादेवी राठी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय के संगीत विभाग द्वारा भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रा को वार्षिक पदक वितरण समारोह में श्रीमती सुरूज बाई गोस्वामी पदक प्रदान किया जायेगा।

78वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास हॉकी स्पर्धा की हुई बैठक

राजनांदगांव। 78वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता 16 फरवरी



2020 से 23 फरवरी 2020 तक आयोजन के संबंध में आयोजन समिति की अध्यक्ष महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख की अध्यक्षता में नगर निगम सभागृह में बैठक आयोजित की गई। बैठक में हॉकी प्रतियोगिता को लेकर सुचारू व भोव्य रूप से आयोजन को लेकर उपस्थित सभी जन प्रतिनिधि, गणमान्य नागरी व वरिष्ठ हॉकी खिलाडियों ने विस्तार से अपने अपने सुझाव आयोजन समिति को दिये। जिसमें मुख्यतः इस संस्कारधानी हॉकी की नर्सरी में आने वाले अतिथि खिलाडियों के आवास, परिवहन, प्रतियोगिता के लिये प्रायोजक व खिलाडियों को स्टेशन व मैदान लाने जोन की व्यवस्था व उनके मनोरंजन के लिये सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के लिये सभी ने अपने सुझाव दिये।

दिग्विजय कॉलेज में सोशल मीडिया के प्रभाव पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

राजनांदगांव। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के समाज शास्त्र विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का उद्घाटन हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग की कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा ने किया। कुलपति के मुख्य आतिथ्य और प्राचार्य डॉ. बीएन मेश्राम की अध्यक्षता में उद्घाटित इस संगोष्ठी में रायपुर, दुर्ग के साथ-साथ नागपुर से पधारे प्राध्यापक डॉ. संजय दुबे और डॉ. गोपी निम्बात्रे ने अपने विचार व्यक्त किये। डॉ. संजय दुबे के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित इस संगोष्ठी का शुभांरभ मां सरस्वती की पूजा वंदना, राष्ट्रगान और छत्तीसगढ़ के राजगीत के सामूहिक गान से किया गया।

उद्घाटन सत्र में कुलपति डॉ. पल्टा ने कहा कि किसी भी संगोष्ठी का उद्देश्य समस्या का समाधान ढूढ़ना होता है। सोशल मीडिया के बहुत सारे नकारात्मक पक्ष है, लेकिन हमें उसके सही उपयोग की दिशा में काम करने की व्यवस्था सुनिश्चित करनी है। प्राचार्य डॉ. बीएन मेश्राम ने अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि इस संगोष्ठी का उद्देश्य समाज पर सोशल मीडिया के पड़ रहे गलत प्रभावों से बचाने का प्रयास ढूढ़ना है।

राजिम माघी पुन्नी मेला की तैयारी अंतिम चरण पर

- मुख्य मंच, साधू-संतों के आश्रम, डोम और अस्थायी सड़कों का निर्माण लगभग पूर्ण
- इस बार भी छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम से सराबोर रहेगा पुन्नी मेला

गरियाबंद । देश दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाने वाले राजिम माघी पुन्नी मेला इस वर्ष 09 फरवरी माघपूर्णिमा से 21 फरवरी महाशिवरात्रि तक पवित्र त्रिवेणी संगम के तट पर आयोजित होगा। राजिम माघी पुन्नी मेला की तैयारी युद्ध स्तर पर जारी है। तैयारियों को लेकर धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू स्वयं लगातार अधिकारियों के साथ बैठक लेकर समीक्षा कर रहे हैं, साथ ही वे स्वयं मेला क्षेत्र में भ्रमण कर तैयारियों का जायजा ले रहे हैं।

राजिम माघी पुन्नी मेला के अंतर्गत नदी पर रेत की अस्थायी सड़कों का निर्माण एवं राजिम को अन्य शहरों एवं गांवों से जोड़ने वाली सड़कों के मरम्मत का कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। जल संसाधन विभाग द्वारा विशेष पर्व स्नान के लिए

कुण्ड निर्माण एवं समय पर नदी में पानी छोड़ने की तैयारी की गई है। वहीं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा मेला क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था करने तथा अस्थायी शौचालय बनाने, स्वास्थ्य विभाग को मेला क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए व्यवस्था करने के साथ ही डॉक्टरों की टीम हमेशा मौजूद रखने के निर्देश दिये गये हैं। खाद्य विभाग को कुल 50 दाल-भात सेंटर संचालित करने, वन मण्डल को बांस-बल्ली उपलब्ध कराने, परिवहन विभाग को रायपुर, धमतरी, गरियाबंद, महासमुन्द जिलों के सभी रूटों में नियमित और पर्याप्त मात्रा में बसों का संचालन करने, विद्युत विभाग को लाईट की समुचित व्यवस्था करने एवं पुलिस विभाग को मेला क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी इंतजाम करने के साथ ही बसों में होमगार्ड की तैनाती करने की जिम्मेदारी दी गई है, जिसका निर्वहन किया जा रहा है। इस बार भी मेला क्षेत्र में कपड़ा एवं कागज के थैलों के उपयोग को प्रोत्साहित किया जायेगा।

राजिम माघी पुन्नी मेला में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक एवं लोक परम्पराओं पर आधारित कार्यक्रम की प्रमुखता रहेगी। राज्य के प्रमुख लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी। मुख्य मंच पर प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक यह रंगारंग प्रस्तुति होगी। वहीं स्थानीय कलाकारों को भी मौका दिया जायेगा। उनके कार्यक्रम शाम 5.30 बजे से रात्रि 8 बजे तक प्रस्तुत होंगे। मुख्य मंच के अलावा नीचे में भी मंच बनाया गया है, जहां प्रमुखतः छत्तीसगढ़ी संस्कृति और रीति रिवाजों से परिपूर्ण कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे।

वार्ड पार्षद भिगेश यादव की सहीं पहल

गंडई पंडरिया। संत कबीर साहेब वार्ड एक में जल संरक्षण का प्रयास किया गया । यदि सभी वार्डो में ऐसा प्रयास हो तो हजारों लीटर पानी बचेगा ।पानी की बचत होने से सभी घरों को पर्याप्त पानी मिलेगा । वार्ड पार्षद भीज्ञेश यादव ने सबसे पहले जल विवरण की जानकारी नगर पंचायत से प्राप्त किया । वार्ड में बहराभांठा पावर पंप, राजू निषाद के घर के समीप पावर पंप, तालाब के पास पावर पंप तथा पानी टंकी के माध्यम से पेयजल की व्यवस्था की जाती है ।नगर पंचायत की जानकारी के अनुसार वार्ड में कुल 22 सार्वजनिक नल हैं जिसमें केवल चार में नल टोंटी लगी हुई थी । पार्षद भिज्ञेश यादव की पहल पर सभी 22 सार्वजनिक नलों में टूटिया लग गई है, जिससे हजारों लीटर पानी की बचत प्रतिदिन हो रही है। अब वार्ड के सभी घरों में पर्याप्त पानी लोगों को मिल रहा है । पार्षद के प्रयास को वार्ड व नगर में सराहा जा रहा है ।

अणुओं का मानवोचित व्यवहार ही रमन इफेक्ट है : डॉ. मोहबे

- दिग्विजय महाविद्यालय में जिला स्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान एवं राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन

राजनांदगांव। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में विज्ञान संकाय के द्वारा जिला स्तरीय विज्ञान एवं गणित दिवस का आयोजन 5 फरवरी को किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन भारत के प्रसिद्ध भौतिक विज्ञानी स्व. चंद्रशेखर वेंकट रमन और गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की उपलब्धियों को याद करने के लिये किया जाता है। इसके अंतर्गत

राजनांदगांव जिले के शालेय एवं महाविद्यालय के विज्ञान विषय के विद्यार्थियों ने भाषण, रंगोली, पहेली एवं पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया। इन सभी प्रतियोतिओं का मुख्य विषय-चंद्रशेखर वेंकट रमन और गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की उपलब्धियां था। डा. शंकर मुनि राय, डा. सूर्यकांत मिश्रा एवं डा. लोकश ने भाषण श्रीमती दिव्या देशपांडे, श्रीमती सोनल मिश्रा एवं डा. स्वाति तिवारी ने रंगोली इसी क्रम में पोस्टर प्रतियोगिता मे डा. त्रिलोक देव, रितेश देवांगन, युनुस रजा बेग और राकेश यादव विज्ञान एवं पहेली प्रतियोगिता में डा. सुरेश पटेल, डीके वर्मा एवं गोकुल निषाद ने निणार्यक के रूप में उपस्थित थे।

प्रत्येक प्रतियोगिता के लिये प्रथम पुरस्कार प्रमाणपत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदाय कर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया। जिला स्तरीय अंतर शालेय स्तर पर रंगोली में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। शबनम परवीन कुरैशी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरिया, भाषण प्रतियोगिता में आर्यन शर्मा शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुईखदान, पोस्टर प्रतियोगिता में यानेन्द्र पटेल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीजेभाठा एवं विज्ञान एवं गणित पहेली प्रतियोगिता कृतिका यादव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंबागढ चौकी प्रथम रहे।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

आरंग। केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को प्राप्त होने वाले सम्मान निधी मद नही मिलने के चलते किसानों द्वारा संयुक्त रूप से अनुविभागीय अधिकारी आरंग को सभी किसानों को लाभ दिलाने तथा इसके लिए अलग से कार्यालय खोलने की मांग की गई।

आरंग नगरपालिका क्षेत्रान्तर्गत लगभग 3500 किसान है जिसमें मात्र 500 कृषको को ही इसका लाभ मिल रहा है। पिछले वर्ष प्रायः सभी पात्र किसान पटवारी कार्यालय में सम्पूर्ण दस्तावेज सहित आवेदन प्रस्तुत किए। दुर्भाग्य की बात है कि उनमें से लगभग

500 किसानों को ही इसका लाभ प्राप्त हो रहा है। अन्य किसानों का आवेदन ही गायब है या त्रुटि दर्षाया जा रहा गई। जिसके चलते रोज पटवारी कार्यालय, लोकसेवा केंद का चक्कर लगा रहे है।योजना से वंचित किसान पुनः आवेदन स्वीकृत करने , त्रुटि सुधार करने के तथा प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना हेतू अलग से डेस्क स्थापना हेतु अनुविभागीय अधिकारी आरंग को सूरज लोधी पार्षद के नेतृत्व में संयुक्त रूप से ज्ञापन दिया गया।

ग्राम पंचायतों का प्रथम सम्मेलन 11 को होगा

राजनांदगांव। राज्य शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी संशोधित समय-सारणी के अनुसार जिला पंचायत सदस्यों के निर्वाचन के प्रकाशन की अधिसूचना कल 7 फरवरी को जारी होगी। जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए निर्वाचित सदस्यों की सूचना भी 7 फरवरी को ही जारी की जाएगी। 14 फरवरी को जिला पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए सम्मिलन होगा।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों का हुआ सम्मान

नवप्रदेश संवाददाता

गंडई पंडरिया। ब्रम्हाकुमारिज सेंटर गंडई में अध्यक्ष व पार्षदों का सम्मान समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया ।मुख्य अतिथि के रूप में पुष्पा दीदी राजनांदगांव व राजयोगी रोहित भाई, प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्विद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउण्टआबू रहे ।सर्वप्रथम मंच पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्यामपाल ताम्रकार को आमंत्रित किया गया । अतिथियों के स्वागत में ऐश्वर्या रजक द्वारा मधुर नृत्य प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम में उपाध्यक्ष जाबिद खान, वार्ड एक पार्षद भिगेश यादव, वार्ड तीन चन्द्रिका नामदेव, वार्ड चार सूरज नामदेव, वार्ड पांच निर्मला साहू, वार्ड छह क्रांति ताम्रकार, वार्ड आठ निराश कुर्रे, वार्ड दस पार्वती पटेल, वार्ड ग्यारह पूर्णिमा कुंजाम, वार्ड बारह यतीश कुंजाम, वार्ड तेरह चेतन देवांगन, वार्ड 14 नारायण चतुर्वेदी, वार्ड पंद्रह दीलिप ओगरे का सम्मान किया गया ।

माउण्टआबू से पधारे ब्रम्हाकुमार रोहित भाई ने आध्यात्मिकता द्वारा सामाजिक विकास विषय पर उदबोधन में कहा आप सभी विजय का तात्पर्य आप सब का भाग्य ऊँचा है । ब्रम्हाकुमारिज सेंटर में राजयोग की शिक्षा दी जाती है । आपको अपने कार्य के लिए शक्ति की आवश्यकता होती है वह राजयोग करने से आएगी । यह ब्रम्हाकुमारिज सेंटर से आप सभी को प्राप्त होगा । ईश्वर को पहचानने से आप सब जान जाएंगे ।

मीना बल्लु पाल बनी बरगा सरपंच

साजा। ब्लाक के सबसे खास सीटों में से एक ग्राम पंचायत बरगा के त्रिस्तरिय पंचायत चुनाव में पूर्व विधायक लाभचंद बाफना के कट्टर समर्थक व थानखमरिया मंडल महामंत्री बल्लु पाल की पत्नी मीना बल्लु पाल ने जीत हासिल किया। उन्होने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी चित्ररेखा लच्छि राम को 115 मतों से हराया। ग्राम पंचायत बरगा के सरपंच चुनाव में मीना बल्लु पाल को कुल 401 मत मिला, वहीं उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी चित्ररेखा लच्छि राम को 286 मत, लक्ष्मी भागवत को 173 मत प्राप्त हुआ।

निरमा समूह ने इमामी सीमेंट के अधिग्रहण की घोषणा की

अब बिहार, छत्तीसगढ़, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में 8.3 मिलियन टन स्थापित क्षमता बढ़ाने में मिलेगा मदद

कसडोल। न्युवोको विस्टास कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत की प्रमुख निर्माण सामग्री कंपनी और निरमा समूह का हिस्सा ने आज इमामी ग्रुप लिमिटेड (ईसीएल) की 100 प्रतिशत शेयरहोल्डिंग को 5500 करोड़ रूपए के मूल्य पर अधिग्रहण के लिए इमामी समूह के साथ एक शेयर खरीद समझौता करने की घोषणा की है। प्रस्तावित खरीद करार भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) द्वारा अनुमोदन के अंतर्गत है। ईसीएल रिसदाह, छत्तीसगढ़ में एक एकीकृत सीमेंट प्लांट संचालित करता है; और बिहार, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में ग्राइंडिंग यूनिट्स की कुल स्थापित क्षमता 8.3 मिलियन टन प्रति वर्ष है; और इसके पास छत्तीसगढ़, राजस्थान और आंध्र प्रदेश में खनन लीज के अधिकार भी हैं।

सर्वेक्षण ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में 1 लाख 81 हजार 614 आर्थिक गणना ईकाईयों का सर्वेक्षण पूर्ण

7वीं आर्थिक गणना का मॉडल जिला गरियाबंद में कार्य पूर्ण

गरियाबंद। मॉडल जिला गरियाबंद में 7वीं आर्थिक गणना का कार्य 05 फरवरी, 2020 को शतप्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। कलेक्टर एवं चार्ज अधिकारी श्याम धावडे के मार्गदर्शन तथा जिला योजना एवं सांख्यिकी के उपसंचालक सुरेश कुमार बंजारे के नेतृत्व में सी.एस.सी. ई-गवर्नेंस सर्विसेस इंडिया लिमिटेड के 866 प्रगणकों ने तथा 194 सुपरवाईजर लेवल-1 अधिकारियों ने इस कार्य को पूर्ण किया। इस दौरान गरियाबंद जिले के 332 ग्राम पंचायतों के 711 ग्रामों में मोबाईल एप्प के माध्यम से घर-घर जाकर आर्थिक गतिविधियों में संलग्न व्यक्तियों एवं वाणिज्यिक ईकाईयों की गणना की गई जिसका उपयोग भविष्य में नीति निर्धारण तथा राज्य बिजनेस रजिस्टर तैयार करने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में किया जायेगा।

आज सी.एस.सी. ई-गवर्नेंस

सर्विसेस इंडिया लिमिटेड के राज्य प्रमुख मदन मोहन राऊत ने कलेक्टर श्याम धावड़े से मुलाकात कर कार्य के पूर्ण होने की जानकारी दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय रायपर के वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी आर एल. खंडेल एवं आर.के. श्रीवास्तव, सी.एस.सी के वरिष्ठ प्रबंधक जयनारायण पटेल, जिला प्रबंधक राकेश सोनकर एवं रितेश शुक्ला उपस्थित रहें। जिलाधीश ने मॉडल जिले में आर्थिक गणना का लक्ष्य पूर्ण हासिल करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये सभी सम्बद्ध अधिकारी, सुपरवाईजर एवं प्रगणकों की सराहना की। ज्ञातव्य है कि सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत पूरे देश में चल रहे 7वीं आर्थिक गणना कार्य हेतु छत्तीसगढ़ में गरियाबंद जिले को मॉडल जिला घोषित किया गया था। गरियाबंद जिले में शहरी क्षेत्रों में 16 अगस्त को राजिम से एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 07 सितम्बर को ग्राम पाण्डुका से गणना कार्य प्रारम्भ किया गया था।

बेमिसाल
8 साल
Anniversary
नव प्रदेश
दैनिक नवप्रदेश
के बेमिसाल 8
वर्ष पूरे होने पर
हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
हरेन्द्र प्रयाग
विनीतः मणि पैथालॉजी लैब
सेन चौक कांकेर


बेमिसाल
8 साल
Anniversary
नव प्रदेश
दैनिक नवप्रदेश
के बेमिसाल 8
वर्ष पूरे होने पर
हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
रफीक
क्रेशर प्लांट
भावगीर नवागांव
मनकेशरी, कांकेर
9406285844, 79997-37734
मोहम्मद रफीक


बेमिसाल
8 साल
Anniversary
नव प्रदेश
दैनिक नवप्रदेश
के बेमिसाल 8
वर्ष पूरे होने पर
हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
राकेश सोनी
विनीतः सोनी पैथालॉजी लैब
टिकरापारा, मेन रोड कांकेर


बेमिसाल
8 साल
Anniversary
नव प्रदेश
दैनिक नवप्रदेश
के बेमिसाल 8
वर्ष पूरे होने पर
हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
विनीतः मुख्य चिकित्सा एवं
स्वास्थ्य अधिकारी काँकेर

दैनिक नव प्रदेश के 8वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई शुभकामनाएं...

इंजी. रवि पांडेय

प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड चाम्पा

दैनिक नव प्रदेश के 8वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई शुभकामनाएं...

नरेन्द्र पाण्डेय

दैनिक नव प्रदेश के 8वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई शुभकामनाएं...

दैनिक नव प्रदेश के 8वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई शुभकामनाएं...

वीरेन्द्र तिवारी

दैनिक नव प्रदेश के 8वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई शुभकामनाएं...

विनोद बंसल

दैनिक नव प्रदेश के 8वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई शुभकामनाएं...

अखिलेश कटकवार

संचालक

सुरेश यादव

दैनिक नव प्रदेश के 8वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई शुभकामनाएं...

दैनिक नव प्रदेश के 8वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई शुभकामनाएं...

संचालक

दैनिक नव प्रदेश के 8वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई शुभकामनाएं...

दैनिक नव प्रदेश के 8वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई शुभकामनाएं...

जय थवाईत

रामविलास राठौर

दैनिक नव प्रदेश के 8वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई शुभकामनाएं...

दैनिक नव प्रदेश के 8वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई शुभकामनाएं...

दैनिक नव प्रदेश के 8वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई शुभकामनाएं...

श्रीमती सीता रामकुमार यादव

दैनिक नव प्रदेश के 8वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई शुभकामनाएं...

केशव चन्द्रा
विधायक, जैजैपुर

Brilliant Public School

Admission Open
For Session 2020-21
PRE- NURSERY TO STD. IX
Affiliated from C.B.S.E. New Delhi
CBSE Aff. No. 3330362

Vill. Banari N. H. 49, Akaltara Road, Janjgir (C.G.) 495668
07611 39001
07611 39002
079991 59015
079991 50360
bpsjanjgir@gmail.com
www.bpsjanjgir.com

संकलनकर्ता
पुरुषोत्तम राठौर
ब्यूरो प्रमुख, दैनिक नवप्रदेश
जांजगीर-चांपा
09827913763
09926612548


दैनिक नवप्रदेश
के बेमिसाल 8 वर्ष
पूरे होने पर
हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
बेमिसाल 8 साल Anniversary
नव प्रदेश
विनीतः वन मंडल कोरबा

नव प्रदेश
दैनिक नवप्रदेश
के बेमिसाल 8
वर्ष पूरे होने पर
हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
बेमिसाल 8 साल Anniversary
नव प्रदेश
गजेन्द्र मानसर
भाजपा युवा नेता, बालको


बेमिसाल 8 साल Anniversary
नव प्रदेश
दैनिक नवप्रदेश
के बेमिसाल 8 वर्ष
पूरे होने पर
हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
विनीत : धान संग्रहण
केंद्र रामपुर

नव प्रदेश
छत्तीसगढ़ियों को लगा, अब बना असली नया राज्य
दैनिक नवप्रदेश
के बेमिसाल 8
वर्ष पूरे होने पर
हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
बेमिसाल 8 साल Anniversary
नव प्रदेश
विनीत
खनिज विभाग कोरबा

दैनिक नव प्रदेश
8 साल
के आठवें स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ..

vedanta
transforming elements
balco

कॉलेज एंड रीहैबिलिटेशन सेंटर फॉर डेफ एंड ब्लाइंड' से दिव्यांग बनेंगे स्वावलंबी

कवर्धा–कोरबा के दिव्य ज्योति छात्रावास परिसर में स्थित वेदांता थैरेपी एंड रीहैबिलिटेशन सेंटर में आप प्रवेश करते हैं,खुद को एक नई दुनिया में पाते हैं। एक ऐसी दुनिया जहां किसी को भी किसी से कोई शिकायत नहीं। बल्कि इस छात्रावास के बच्चों के गीत 'ऐ मालिक तेरे बंदे हम, ऐसे हों हमारे करम' से आप खुद को अंदर से मजबूत बनता महसूस कर सकते हैं।

इनरव्हील एजुकेशन सोसाइटी की ओर से संचालित दिव्य ज्योति यूथ ऑफ स्कूल मूक–बधिर और दृष्टिहीन तथा शारीरिक रूप से निशक्त बच्चों के अध्ययन और रहने की व्यवस्था करता है।

इनरव्हील एजुकेशन सोसाइटी द्वारा जरूरतमंद बच्चों के लिए किए जा रहे बेहतरीन कार्यों को देखते हुए वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने कोरबा स्थित दिव्य ज्योति छात्रावास परिसर में दृष्टिहीन और श्रवणबाधित युवाओं के लिए राज्य का पहला कौशल प्रशिक्षण केंद्र प्रारंभ किया है। अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस–2019 के अवसर पर लोकार्पित 'वेदांता कॉलेज एंड रीहैबिलिटेशन सेंटर फॉर डेफ एंड ब्लाइंड' इनरव्हील एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित की जाएगी। केंद्र में दिव्यांग युवा ब्यूटीशियन, हॉस्पिटैलिटी, कंप्यूटर और सिलाई का प्रशिक्षण प्राप्त कर खुद के पैरों पर खड़े हो सकेंगे। प्रशिक्षित दिव्यांग युवा दूसरे दिव्यांगों को भी प्रेरित कर सकेंगे। दिव्यांग युवाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में 'वेदांता कॉलेज एंड रीहैबिलिटेशन सेंटर फॉर डेफ एंड ब्लाइंड' महत्वपूर्ण साबित होगा। इनरव्हील एजुकेशन सोसाइटी को बालको प्रदत्त अन्य सुविधाएं :

बालको ने दिव्य ज्योति छात्रावास परिसर में 50 बच्चों के रहने के लिए वर्ष 2007–08 में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कराया। स्कूल में अध्ययनरत मूक–बधिर और दृष्टिहीन विद्यार्थियों को उनके स्कूल तक पहुंचाने और वहां से वापस लाने के लिए वाहन संचालन की व्यवस्था भी बालको की ओर से की गई है।

बालको की ओर से दिव्य ज्योति छात्रावास परिसर में वेदांता थैरेपी एंड रीहैबिलिटेशन सेंटर (वी.टी.आर.सी.) संचालित है। वर्ष 2013 में अपनी स्थापना के साथ ही यह केंद्र उन बच्चों के लिए एक बड़ा सहारा बन गया है जो अपनी शारीरिक अथवा मानसिक अपंगता के कारण समाज की मुख्यधारा से कट जाते हैं। वी.टी.आर.सी. में ऐसे अनेक बच्चे हैं जो अनेक जन्मजात शारीरिक व्याधियों से पीड़ित हैं। उन सब को आधुनिक उपकरणों की मदद से प्रशिक्षण दिया जाता है।सबसे अधिक प्रेरणादायी है बच्चों और उनके अभिभावकों का 'हार न मानने की जिद'। उन्हें सहारा देने के लिए उनके साथ है वेदांता–बालको और इनरव्हील एजुकेशन सोसाइटी की टीम। सभी को विश्वास है कि नाउम्मीदी के अंधेरे पर उम्मीद के उजाले की जीत जरूर मिलेगी।

वी.टी.आर.सी. में जरूरतमंद बच्चों को फिजियोथैरेपी, स्पीच थैरेपी और बिहेवियर थैरेपी आदि की सुविधाएं उपलब्ध हैं।बच्चों के प्रशिक्षण तथा विभिन्न प्रकार की थैरेपी के लिए प्रशिक्षित मानव संसाधन की तैनाती इनरव्हील एजुकेशन सोसाइटी द्वारा की गई है। अनेक शारीरिक अक्षमताओं से पीड़ित बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में वेदांता थैरेपी एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर पूर्णतः गैर लाभकारी उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है।

दैनिक नव प्रदेश
बेमिसाल 8 साल Anniversary नव प्रदेश
के आठवें स्थापना दिवस पर
बधाई एवं शुभकामनाएँ
विनीत – एक शुभ चिंतक, जिला – कबीरधाम (छ.ग.)

जिला पुलिस कबीरधाम आपकी सेवा में सदैव तत्पर...
पुलिस कंट्रोल रूम नंबर
94791-92499, 07741-232844, 112

दैनिक नव प्रदेश
8 साल
के आठवें स्थापना दिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ..